दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 193 जयपुर, शनिवार, 22 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



देशभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की धूम... जयपुर के SMS स्टेडियम में हुआ राज्यस्तरीय समारोह

# रेगिस्तान से सियाचिन तक हर तरफ योग



## दुनिया मानती है योग की शक्ति: मोदी

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एसकेआईसीसी में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जब हमारा चित्त शांत रहता है, तब हम दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए तरीके बना रहा है। पीएम मोदी ने योग दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया में योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और योग के प्रति लोगों का आकर्षण भी लगातार बढ़ रहा है।

**बेधड़क** | नई दिल्ली/ जयपुर

दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। भारतीय सुरक्षाबलों और आम लोगों ने हिमालय की पड़ाहियों से लेकर समुद्र के पानी तक पर योगाभ्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीनगर में योग दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी ने डल झील के किनारे स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में योगाभ्यास किया। इस साल योग दिवस समारोह की थीम समाज में व्यक्तिगत स्तर पर योग के महत्व को बढ़ाने के लिए 'स्वयं और समाज के लिए योग' रखी गई थी।

भारत में लद्दाख की ऊंचाई से लेकर केरल में जल की गहराई तक और आईएनएस विक्रांत से लेकर वंदेभारत एक्सप्रेस तक में योग दिवस का आयोजन किया गया। देश की राजधानी दिल्ली में संसद भवन परिसर तथा पुराना किले में भी योग साधकों ने योगाभ्यास किया। भारतीय सेना ने सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली चोटियों से लेकर कन्याकुमारी के तटीय क्षेत्रों और अंडमान निकोबार के अपतटीय द्वीपों पर 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। पश्चिम में लोंगेवाला (राजस्थान) और कच्छ (गुजरात) से लेकर पूर्व में किबिथू (अरुणाचल प्रदेश) और इंफाल (मणिपुर) के पहाड़ी इलाकों में तैनात सैनिकों ने भी योग किया।

### 25 लाख लोगों ने किया योगाभ्यास

**जयपुर।** आयुष विभाग द्वारा दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' थीम पर पूरे प्रदेश में उत्साह एवं संकल्प के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार 25 लाख से ज्यादा प्रतिभागियों ने पूरे राज्य में योगाभ्यास किया। योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री एवम आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा के गरिमामय सानिध्य में सपंन्न हुआ। यहां एक साथ 9220 प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने संकल्प पत्र का वाचन किया। शांति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## स्वस्थ जीवन शैली में योग की अहम भूमिका



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वस्थ जीवन शैली और आदर्श समाज की स्थापना में योग की अहम भूमिका बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और सार्थक पहल से योग विद्या वैश्विक पटल पर एक बार पुनः लोकप्रिय हुई है। उन्होंने योग के माध्यम से भारतीय संस्कृति को दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाया है।

सीएम 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एसएमएस स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि योग हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों का मानवता को दिया गया अनमोल वरदान है। स्वस्थ जीवन शैली और आदर्श समाज की स्थापना में योग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है बल्कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने की जीवन शैली है। सीएम ने आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में योग को अपनाकर स्वस्थ एवं मस्त रहें।

### राजस्थान की 14 यूनिवर्सिटी डिफॉल्टर घोषित

**जयपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देश की 157 यूनिवर्सिटीज को डिफॉल्टर घोषित कर दिया है। इनमें 14 विश्वविद्यालय राजस्थान के हैं। छात्रों की शिकायतों का निवारण करने के लिए यूजीसी ने देश के सभी 421 विश्वविद्यालय को लोकपाल नियुक्त करने के निर्देश जारी किए थे। इन निर्देशों की पालना नहीं करने पर यूजीसी ने ये सूची सार्वजनिक की है। इनमें जयपुर की बाबा आमटे दिव्यांग विवि, जोधपुर की जय नारायण व्यास विवि, बीकानेर की महाराजा गंगा सिंह विवि,, बीकानेर की वेटरनरी और एनिमल साइंसेज विवि, बीकानेर की स्वामी केशवानंद एग्रीकल्चर विवि, कोटा यूनिवर्सिटी और जयपुर की विश्वकर्मा स्किल विवि का नाम शामिल है।

■ एंटी पेपर लीक कानून लागू, पांच साल की सजा संभव- देखें पेज 8

सीएम भजनलाल ने किया ऐलान

# पद नहीं रहेंगे खाली अब हर माह भर्ती

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकारी नौकरी को लेकर शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के 62वें प्रांतीय अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में सीएम शर्मा ने कहा कि अब किसी भी विभाग में पद खाली नहीं रहने देंगे। सभी विभाग के उच्च अधिकारियों से कहा गया है कि वे अपने-अपने विभाग के कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होते ही खाली पदों की सूची तैयार करें और हर महीने भर्तियां निकालें।सीएम भजनलाल शर्मा का कहा कि राजस्थान में नौकरियों में बैकलॉग खत्म करने की दिशा में हमने कई कदम उठाए हैं। अब तक 17 हजार युवाओं को सरकारी नियुक्तियां प्रदान की जा चुकी हैं। इस वर्ष 70 हजार भर्तियां राज्य सरकार की ओर से की जा रही हैं। देश और प्रदेश का युवा ही नवाचार, प्रगति और परिवर्तन का इंजन है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार शिक्षा, व्यवसाय, रोजगार, खेल सहित हर क्षेत्र में युवाओं के सपनों को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश में चरणबद्ध रूप से कई भर्तियां आने वाली हैं। प्रदेश के युवा आने वाली भर्तियों के लिए तैयारी करें।

**शिक्षकों के रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने की तैयारी:** कार्यक्रम में सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार कॉलेज में शिक्षकों के रिटायरमेंट की आयु सीमा को बढ़ाकर 65 वर्ष करने पर भी मंथन कर रही है।

पेज 2 भी देखें

### पूर्ववर्ती कांग्रेस पर साधा निशाना

इस दौरान सीएम ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। सीएम ने कहा कि गहलोत सरकार ने पांच साल में बिजली



विभाग में एक भी नई यूनिट नहीं लगाई, जिससे बिजली संकट हो गया था। गांवों में पानी के स्रोत के बिना ही पाइप लाइन बिछा दी गई, जिससे पेयजल संकट की स्थिति बनी। राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद इस दिशा में प्राथमिकता के आधार पर काम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गहलोत सरकार ने बिना योजना बनाए 300 से अधिक कॉलेज खोल दिए। सरकार इन कॉलेज की समीक्षा करवा रही है।

बजट सत्र से पहले सख्ती

# रैली-नारेबाजी और प्रदर्शन पर पाबंदी

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा के बजट सत्र से पहले जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर सख्ती बरतने की तैयारी कर ली है। अब अगले 60 दिन तक विधानसभा, सिविल लाइन व सचिवालय के आस-पास में धारा 144 लागू कर दी है।

धारा का उल्लंघन करने पर लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में एडिशनल डीसीपी पारस जैन ने एक आदेश जारी करके पालना के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद कर दिया है। 18 अगस्त तक यह आदेश प्रभावी रहेंगे। दरअसल विधानसभा व सिविल लाइन क्षेत्र और सचिवालय के आस-पास अकसर रोजाना कर्मचारियों, औद्योगिक कर्मचारियों, व्यवसायिक कर्मचारियों व राजनीतिक पार्टियों और छात्र संगठनों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर धरने, प्रदर्शन, जुलूस निकालकर नारेबाजी की जा रही है। ऐसे में कानून व्यवस्था बिगड़ रही है। इसलिए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने धारा 144 लगाई है।


### यहां रहेगी रोक




आदेशों के अनुसार स्टेच्यू सर्किल से विधानसभा तक के जनपथ, विधानसभा भवन के चारों तरफ, सचिवालय परिसर के चारों औरक्षेत्र में, अशोकनगर थाने से तिलक मार्ग होते हुए वानिकी पथ व सहदेव मार्ग तक, सिविल लाइन क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग से राजभवन सर्किल तक और राजभवन सर्किल से अजमेर रोड टी पाइंट होते हुए नाटाणियों का चौराहे अजमेर रोड सिविल लाइन रेल्वे क्रोसिंग पानी की टंकी तक के क्षेत्र में सड़क व फुटपाथों पर लोग प्रदर्शन, जुलूस, रैली व धरना देकर नारेबाजी व ध्वनि यंत्रों का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

### उत्पात करने वालों को आश्रय देने वालों पर भी होगा एक्शन

इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्ति समूह बनाकर एकत्रित नहीं होंगे। इन क्षेत्रों में प्रदर्शन, जुलूस, रैली नहीं कर सकेंगे और ना ही आमसभा, धरना करके मार्ग अवरुद्ध कर सकेंगे। अवांछित व्यक्तियों, अजनबियों व उत्पात करने वालों को आश्रय नहीं देंगे। अगर इनकी पालना नहीं की गई तो पुलिस कार्रवाई करेगी।



## जरूरी खबर

### वन मंत्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अलवर जिले के देसूला में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ व स्वच्छ वातावरण के लिए पौधारोपण करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण स्वच्छ होगा तभी वातावरण भी स्वस्थ बनेगा। इसके लिए पौधारोपण बेहद आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि प्रत्येक व्यक्ति अपना नैतिक दायित्व समझते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए ना केवल पौधा लगाए बल्कि उसकी देखरेख भी करें।

### डॉ. अरुण कुमार कृषि विवि जोधपुर के कुलपति

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने राज्य सरकार की सलाह से आदेश जारी कर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति डॉ. अरूण कुमार को कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। वे अग्रिम आदेशों अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक इस पद के कार्यों का निर्वहन करेंगे।

### वन मंत्री ने दिए जनसमस्याओं के निदान के निर्देश



**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने शुक्रवार को अलवर जिले में अपने निवास पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की सूचना फरियादियों को दी जाए। यदि परिवेदना का निराकरण उनके स्तर पर संभव नहीं है तो उसकी पूरी जानकारी फरियादी को दी जाए।

एक्सप्रेस-वे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बैठक में एसीएस ने दिए कार्रवाई के आदेश

# हाईवे पर अवैध पार्किंग-अतिक्रमण करने पर दर्ज होगी FIR

बेधड़क | जयपुर

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने कहा कि हाईवे पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार है। उन्होंने पुलिस विभाग को ऐसा करने वाले व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एसीएस गुहा शुक्रवार को शासन सचिवालय में एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के साथ हाईवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं।

बैठक में अपर परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) निधि सिंह ने दुर्घटनाओं के विभिन्न कारणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की कुल सड़क लंबाई में से राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 4 प्रतिशत है, परंतु इन पर वर्ष 2023 में राज्य की कुल मृत्युदर का लगभग 38 प्रतिशत भाग है। वहीं वर्ष 2023 में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर तीन एवं तीन से अधिक मृत्यु वाली 39 दुर्घटनाओं में 38 लोगों की मृत्यु हुई। जबकि वर्ष 2024 में (जनवरी से मई तक) मात्र 13 दुर्घटनाओं में 28 लोगों ने जान गवांई जो कि अत्यंत चिंता का विषय है।



**बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद**

एक्सप्रेस-वे एवं राजमार्गों पर अवैध गतिविधियों के संचालन, राष्ट्रीय संपदा को नुकसान पहुंचाने के मामलों में अतिरिक्ति महानिदेशक पुलिस (यातायात) हवासिंह घुमारिया द्वारा तुरंत एफआईआर दर्ज करवाने के लिए निर्देश प्रदान किए। बैठक में आयुक्त, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा डॉ. मनीषा अरोड़ा, वित्तीय सलाहकार महेंद्र भूकर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय प्रबंधक डी. के. चतुर्वेदी, क्षेत्रीय प्रबंधक मॉर्थ नरेश कुमार चोपड़ा व रवि चंचल, एवं राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के अधीक्षण अभियंता (सड़क सुरक्षा) सुरेश बेनीवाल एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (सड़क सुरक्षा) डॉ. एल. एन. पाण्डे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### हादसों में मौत के आंकड़ों पर जताई चिंता

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्यु पर को चिंताजनक बताते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं मॉर्थ के अधिकारियों को इस पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने दुर्घटना के वक्त आपातकालीन वाहनों के लिए निर्बाध आवाजाही व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एक्सप्रेस-वे एवं राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग, अवैध कट, आवारा जानवर, राष्ट्रीय संपत्तियों को क्षतिग्रस्त करने, अवैध गतिविधियां संचालित करने, वर्कजोन सेफ्टी, अतिक्रमण, साइनेज बोर्ड, प्रवर्तन की कमी तथा दुर्घटना हो जाने पर बचाव कार्य की शुरूआत में होने वाली देरी संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण के बारे में अधिकारियों को निर्देशित किया।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अधिवेशन में सीएम भजनलाल ने कहा...

# पूर्व सरकार ने बिना संसाधनों खोले कॉलेज, भरेंगे रिक्त पद

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि गत सरकार ने जल जीवन मिशन, बिजली खरीद, बिना किसी संसाधनों के महाविद्यालयों खोलने जैसे दिशाहीन गलत फैसले लिए। जल जीवन मिशन में जहां पानी के स्रोतों के बिना ही टंकी बना दी गई। वहीं बिजली खरीद में हजारों करोड़ का घाटा किया गया। महाविद्यालय खोलने के संबंध में भी बिना किसी मूलभूत सुविधाओं के अंधाधुंध महाविद्यालय राजसेस के तहत खोल दिए गए।

इनमें कोई स्थाई शिक्षक नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा कि अब हमारी सरकार ने राजसेस के अंतर्गत खोले गए इन कॉलेजों की समीक्षा के लिए हाई पावर कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी इस सभी कॉलेजों की फिजिबिलिटी एवं औचित्य का परीक्षण कर आगे कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) के 62वें प्रांतीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक भावी पीढ़ी को सही दिशा देकर उनका चरित्र निर्माण करते हैं। समर्पित, सक्षम और सफल नागरिक बनाने तथा राष्ट्र चेतना को बढ़ाने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेशवासियों को शिक्षा का बेहतर वातावरण देने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है।




### शिक्षक करते हैं व्यक्तित्व का निर्माण

समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि शिक्षक युवाओं में ज्ञान, कला कौशल में वृद्धि करते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल परक रोजगार को बढ़ावा देने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा भावी चुनौतियों के अनुरूप प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की सभी समस्याओं के प्रति राज्य सरकार संवेदनशील है तथा शिक्षकों के हित में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. जे.पी. सिंघल, प्रदेश महामंत्री डॉ. सुशील कुमार बिस्सु, अध्यक्ष डॉ. दीपक शर्मा, आयोजक सचिव डॉ. कमल किशोर मिश्रा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर, प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम, आरएसएस के प्रांत प्रचारक निंबाराम सहित बड़ी संख्या में संगठन के लोग मौजूद रहे।

### कॉलेजों में शीघ्र भरेंगे शिक्षकों के रिक्त पद

सीएम शर्मा ने कहा कि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई शीघ्र शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि कॉलेज शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालयों में एसीपी एवं सीएस के लाभ से संबंधित जितने भी प्रकरण हैं, उन्हें तुरंत निस्तारित किया जाएगा। भविष्य में प्रतिवर्ष एसीपी और सीएस लाभ के लिए प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और शिक्षकों के लिए पीएम नरेंद्र मोदी निरंतर प्रयत्नशील हैं। उनके नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद उच्च शिक्षण संस्थानों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। केन्द्र सरकार ने 7 नए आईआईटी, 16 ट्रीपल आईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी सभी वर्गों के लिए संवेदनशील होकर काम कर रही है।

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा बोले...

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों में समन्वय जरूरी



बेधड़क | जयपुर

कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने कहा कि विकास कार्यो की गतिशीलता एवं समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों में आपसी समन्वय होना आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों व आमजन द्वारा बताई गई समस्याओं का संबंधित अधिकारी तत्परता से संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। डॉ. मीना शुक्रवार को सवाई माधोपुर जिले की जिला परिषद् की साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना में आ रही रूकावटों को दूर करते हुए इसका क्रियान्वयन करने एवं पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति करने को कहा गया। उन्होंने जिले में जल संकट के निवारण के लिए उन्नत तकनीक का प्रयोग कर भारजा नदी डेम के लीकेज को दुरस्त करवाने, बनास परियोजना, ईसरदा परियोजना में प्रगति लाने, जल संचयन के लिए संरचनाओं का निर्माण करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, जारी सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व पेचकार्य पूरा करवाने सहित अन्य निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने को कहा। उन्होंने सभी जिला परिषद सदस्यों से उनके क्षेत्र में जनहित के कार्यो के संबंध में प्रस्ताव भिजवाने की बात कही ताकि विधायक कोष से जनहित के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा सकें।

एस्ट्रो नाइट स्काई टूरिज्म कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन

## पौराणिक उपकरणों की जानी प्रक्रिया

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के जंतर-मंतर पर शुक्रवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्म संक्रांति कार्यक्रम का आयोजन हुआ।




कार्यक्रम में विशेष विशेषज्ञों ने देशी-विदेशी पर्यटकों, आमजन एवं प्रतिभागियों को 21 जून को सबसे बड़ा दिन एवं सबसे छोटी रात के सिद्धान्त ग्रीष्म संक्रांति के माध्यम से जंतर-मंतर के 17वीं सदी में स्थापित उपकरणों की कार्यप्रणाली से रूबरू करवाया। एस्ट्रो नाइट स्काई टूरिज्म कार्यक्रम के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव वी. श्रवण कुमार की मौजूदगी में विशेष विशेषज्ञों द्वारा ग्रीष्म संक्रांति खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए घटना के वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। जंतर मंतर के कन्वेंशन सेंटर में विषय विशेषज्ञों प्रीति वैष्णव एवं गोविंद दाधीच द्वारा ग्रीष्म संक्रांति के विषय में प्रेजेंटेशन के माध्यम से पर्यटकों को विस्तृत जानकारी दी गई। क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र एवं साइंस पार्क के उपनिदेशक कैलाश मिश्रा ने बताया कि जब सूर्य अपने चरम ऊंचाई पर था तब दक्षिणावर्ती यंत्र पर सूर्य का एल्टीट्यूड मापा गया।

कलेक्ट्रेट सर्किल पर कांग्रेसियों ने दिया धरना, परीक्षा रद्द करने की उठाई मांग

## नीट में धांधली के विरोध में किया प्रदर्शन

बेधड़क | जयपुर

केन्द्र सरकार की नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी द्वारा नीट यूजी-2024 परीक्षा धांधली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया गया।



प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। इस दौरान डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में जब पांच साल कांग्रेस की सरकार थी तो भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता युवाओं के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त करते थे। अब भाजपा के उन सभी नेताओं का वास्तविक चेहरा उजागर हो गया है। भाजपा नेताओं को उस वक्त भी युवाओं के भविष्य की चिंता नहीं थी वे केवल माहौल खराब कर सरकार में आना चाहते थे। उन्होंने कहा कि देश के 24 लाख बच्चें जिनमें से 1 लाख 75 हजार राजस्थान के है, जिन्होंने अपने परिजनों के साथ डॉक्टर बनने का सपना देखा है और इस सपने को साकार करने के लिए दिन-रात पढ़ाई और मेहनत की है और नतीजा ये हुआ कि नीट की परीक्षा का पेपर आउट हो गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई एजेंसी ने ही यूजीसी-नेट की भी परीक्षा करवाई थी जिसमें पेपर आउट होने के कारण परीक्षा निरस्त कर दी गई। वहीं नीट की परीक्षा में भारी भ्रष्टाचार हुआ है इसलिए यह परीक्षा पेपर लीक होने के बावजूद भाजपा सरकार निरस्त नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास आज जनता के लिए फुर्सत नहीं है, बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है।


देवनानी ने सभी पक्षों से चर्चा कर कार्रवाई के दिए निर्देश

# टैबलेट राशि के पुनर्भरण मामले को सुलझाने की पहल

बेधड़क | जयपुर

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करने की राजस्थान सरकार की योजना अधरझूल में लटक रही है। राजस्थान सरकार ने योजना के तहत प्रतिभावान विद्यार्थियों को दिए जाने वाले टैबलेट की राशि 102 करोड़ रुपए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को देने के लिए कहा है, जबकि बोर्ड के कर्मचारी इसका विरोध कर रहे हैं। ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के दखल के बाद अब राज्य सरकार और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बीच टैबलेट राशि के पुनर्भरण मामले को सुलझाने की पहल की जा रही है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करने का मामला उलझते देख विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मामले में दखल देते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। देवनानी के निर्देश के बाद वित्त विभाग ने बोर्ड प्रशासन को जयपुर बुलाया है। इस संबंध में देवनानी ने शिक्षा मंत्री, वित्त विभाग और शिक्षा विभाग से चर्चा कर सकारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने जयपुर प्रवास के दौरान राज्य के शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी और वित्त विभाग के आला अधिकारियों से चर्चा की।

### सभी के हितों को देखते हुए करें कार्रवाई



विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने निर्देश दिए कि टैबलेट वितरित के लिए राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से 102 करोड़ रुपए राशि राज्य सरकार को दिए जाने के मामले में पुनर्विचार किया जाए। देवनानी ने कहा कि इस मामले में सभी पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जाए। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा ने उन्हें इस विषय में सकारात्मक निर्णय लेने का विश्वास दिलाया है। वित्त विभाग ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक और सचिव को भी जयपुर बुलाया है। जल्द ही इस प्रकरण के समाधान को लेकर सकारात्मक निर्णय होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### राज्य सरकार के निर्णय से कर्मचारियों में नाराजगी

राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को टैबलेट दिए जाने के लिए करीब 102 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इस राशि को वहन करने के लिए सरकार और बोर्ड के बीच निर्णय होना है। राज्य सरकार ने टैबलेट पर आने वाला खर्च राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को उठाने के लिए कहा है। बोर्ड टैबलेट की राशि वहन करने में अपनी असहमति दे चुका है। वहीं, बोर्ड के कर्मचारी भी टैबलेट की राशि बोर्ड के वहन करने के सरकार के निर्णय से नाराज है। आरबीएसई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत का कहना है कि बोर्ड वर्षो से घाटे में चल रहा है। बोर्ड की आय बढ़ी नहीं है। यदि बोर्ड टैबलेट का खर्च वहन करेगा तो आगामी दिनों में बोर्ड को कर्मचारियों को वेतन देने और 600 पेशनधारियों को पेंशन देने में अड़चन आएगी। बोर्ड के पास आय के अतिरिक्त संसाधन नहीं है। ऐसे में बोर्ड की हालत भी रोडवेज जैसी हो जाएगी।

प्रदूषण नियंत्रण मंडल अध्यक्ष ने कहा...

## राज्य को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में बढ़ा रहे कदम

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त राज्य की संकल्पना को साकार करने के क्रम मे बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि गत दिनों मंडल द्वारा प्रदूषण नियंत्रण एवं ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में आदर्श राज्य स्थापित करने के उद्देश्य से तमाम बेहतरीन कदम उठाए गए हैं। जिनके फलस्वरूप प्रदूषण नियंत्रण, प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग एवं कचरा प्रबंधन जैसी समस्याओं के समाधान की ओर हमारा समाज बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। बैठक के दौरान सदस्य सचिव एन विजय एन ने कुल 21 एजेंडा पीपीटी प्रस्तुतीकरण से पेश किए। उन्होंने बताया कि राज्य में प्लास्टिक बोतल के निस्तारण की समस्या को मध्यनजर रखते हुए ऐसे चिह्नित 50 स्थान जहां प्लास्टिक की बोतल का उपयोग अत्यधिक है, वहां आईओटी इनेबल्ड प्लास्टिक बोतल फ्लेकिंग मशीन लगाई जाएंगी। जिसके तहत उपयोग के बाद प्लास्टिक की बोतलों को उस मशीन में डाल कर उनका निस्तारण मौके पर ही संभव हो पाएगा

**जरूरी खबर**

### डॉक्टर को दिखाने आया था, टॉयलेट में मिली लाश



**जयपुर।** गणगौर हॉस्पिटल में शुक्रवार सुबह सफाई के दौरान ओपीडी टॉयलेट में युवक का शव पड़ा मिला। कोतवाली थाना पुलिस की प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि बीमार होने के चलते वह हॉस्पिटल में डॉक्टर के पास दिखाने आया था। एसएचओ कोतवाली राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे हॉस्पिटल प्रशासन ने टॉयलेट में लाश मिलने की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। मृतक की पहचान बनवारी (40) निवासी लक्ष्मणगढ़ अलवर के रूप में हुई। एसीपी कोतवाली अनूप सिंह ने बताया- मृतक बनवारी जयपुर में एक ठेकेदार के पास मजदूरी का काम करता था। वह काफी समय से बीमार चल रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक को साइलेंट अटैक आया था।

### पिस्तौल दिखा कर युवक से लूटे 72 हजार रुपए

**जयपुर।** राजधानी में पिस्तौल के दम पर एक युवक से लूट का मामला सामने आया है। कार आगे लगाकर बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर 72 हजार रुपए छीन ले गए। मानसरोवर थाना पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। एसआई अजय सिंह ने बताया कि लूट की वारदात हेमराज (27) निवासी मालपुरा टोंक के साथ हुई। वह हीरापुरा करणी विहार में रहकर बिल्डिंग मैटरियल सप्लायर का काम करते हैं। दोपहर करीब 1:30 बजे वह पिकअप लेकर गोदाम पर जा रहे थे। इसी दौरान नारायण बिहार में स्विफ्ट कार ने आगे लगाकर पिकअप को रुकवा लिए। कार में सवार 5 लड़कों में से 3 नीचे उतरकर आए। हाथ में डंडे लेकर आए दो बदमाशों ने मारपीट कर पैसे मांगे। मना करने पर पिस्तौल लगा दी और 72 हजार रुपए छीनकर भाग निकले।

**वेदना निवारण केन्द्र में हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन**

# समाज के सभी वर्गों में समरसता चाहता है संघ: निम्बाराम

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से वरुण पथ मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केन्द्र में हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि 350 वर्ष पूर्व ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन एक नए सूर्य का उदय हुआ था। बर्बरता और उत्पीड़न का सामना कर रहे हिंदुओं को अत्याचारों से मुक्त कराने के लिए शिवाजी महाराज ने हिंदू पदपादशाही की स्थापना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसकी स्थापना 100 वर्ष पूर्व हुई, हिंदुओं का संगठन है। यह संगठन विश्व को शांति के मार्ग पर ले जाने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि हम समाज के सभी वर्गों में समरसता चाहते हैं। इसके लिए स्वयंसेवकों को अपने घरों से इसकी शुरुआत करने पर जोर दिया।




### दैनिक आचरण में स्वदेशी अपनाने का आग्रह

उन्होंने अपने दैनिक आचरण, क्रिया व्यवहार खान-पान वेशभूषा में स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया। अपने आसपास पर्यावरण का ध्यान रखते हुए भारतीय सामाजिक मूल्यों की स्थापना के लिए कुटुंब प्रबोधन और नागरिकों कर्तव्य पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक अधिकारी के एन गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देश-भक्त संगठन के रूप में विश्व में पहचान की बात कही। कार्यक्रम में भाग संचालक मानसिंह चौहान भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व निंबाराम ने माधव बस्ती स्थित पार्क में 5 पौधे रोपे।

**सरस ने कराई डी मार्ट और खंडेलवाल एंड कंपनी पर एफआईआर**

# घी एक जगह एकत्र करने को कहा था, डीमार्ट ने वेंडर को वापस भेजा

- खाद्य सुरक्षा विभाग ने नोटिस देकर शुरू की कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शुक्रवार को नकली घी के मामले में सरस डेयरी की ओर से डी मार्ट एवं कूकर खेड़ा स्थित खण्डेलवाल एण्ड कंपनी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई गई है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर प्रो-वैदिक घी का स्टॉक सीज किया गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में प्रदेशभर में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि डी मार्ट के मालवीय नगर जयपुर के स्टोर पर गुरुवार को सरस और प्रो-वैदिक ब्रांड का नकली घी सीज किया था और डी मार्ट के एरिया मैनेजर से जयपुर स्थित सभी स्टोर्स पर मौजूद घी के स्टॉक की जानकारी मांगी गई थी। मैनेजर ने 2700 लीटर का स्टॉक बताया, जिसे सीज करने के लिए एक ही जगह एकत्र करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन डी मार्ट द्वारा शुक्रवार सुबह घी का स्टॉक वेंडर को वापस कर दिया गया। इस पर डी मार्ट के विरुद्ध नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है।



### दौसा एवं निवाई सहित अन्य जगहों पर भी टीमें भेजी

जांच में यह भी सामने आया है कि जिस फर्म से डी मार्ट द्वारा सरस घी खरीदा गया है, वह फर्म सरस डेयरी की अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर नहीं है और वहां कार्टूनों में नकली घी के डिब्बे बरामद हुए हैं। सरस डेयरी द्वारा खंडेलवाल एंड कंपनी और डी मार्ट के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। नकली घी की सूचना पर दौसा एवं निवाई सहित अन्य जगहों पर भी टीमें भेजी गई हैं और समस्त राजस्थान में सूचना देकर प्रो वेदिक घी को सीज करवाया जा रहा है। डी मार्ट के लालकोठी स्थित स्टोर पर भी 600 लीटर सरस घी संदेह के आधार पर सीज किया और सैम्पल लिए गए। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, अमित शर्मा, देवेन्द्र एवं लोकेन्द्र शामिल रहे।



### आइपर मार्ट पर भी लिए सैम्पल

पंकज ओझा ने बताया कि आइपर मार्ट, सिरसी रोड पर नकली सरस घी की सूचना पर और कानोता स्थित गोदाम पर भी टीम भेजी गई। यहां सरस घी का स्टॉक सही पाया गया। फिर भी एहतियातन आइपर मार्ट के सिरसी रोड के स्टोर से सरस और गोरस घी के सैंपल लिए गए हैं। आइपर मार्ट में टैगोर ब्रांड का नकली तेल पाए जाने पर 4 लीटर तेल सीज करके सैंपल लिया गया। जोधपुर में भी 103 लीटर अमानक प्रोवैदिक घी सीज किया गया है। इसी प्रकार जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र में श्री अमर मिष्ठान भंडार पर कार्रवाई कर अखरोट बर्फी, पनीर, उपयोग लिए गए खाद्य तेल, इमरती आदि के सैम्पल लिए गए हैं। यहां रसोई में वाशिंग एरिया मानक स्तर का नहीं पाया गया। लाइसेंस उपयुक्त स्थान पर चस्पा नहीं था। किचन में उपयोग लिए जा रहे पानी की वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट पुरानी थी।

**नगर निगम ग्रेटर की कार्रवाई**

# 30,500 कैरिंग चार्ज वसूला, 2 केंटर सामान जब्त



**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर की सतर्कता शाखा की टीम ने विद्युत मार्ग ज्योति नगर, टिनी टॉयस स्कूल के सामने से सहकारी मार्ग लालकोठी तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की।

इस दौरान 30 हजार 500 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला तथा 2 केंटर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में विद्युत मार्ग ज्योति नगर, टिनी टॉयस स्कूल के सामने से सहकारी मार्ग लालकोठी तक अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान 2 केंटर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया।

इसके साथ ही मौके पर अस्थायी अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 30 हजार 500 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। इस दौरान सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थायी अतिक्रमण समय से हटा लें अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**खुले में मांस बेचने वालों के खिलाफ निगम की कार्रवाई**

# 6 बूचड़खाने सीज, दो का चालान

**बेधड़क** | जयपुर

अवैध बूचड़खानों और खुले में मांस बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर निगम हेरिटेज द्वारा चलाए गए अभियान के तहत शुक्रवार को सिविल लाइन जोन में छह दुकानों को सीज किया गया। साथ ही खुले में मांस बेचने वाले 2 दुकानदारों के चालान काटे गए।



नगर निगम हेरिटेज की पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेहा गौड़ ने बताया कि सिविल लाइंस जोन के हसनपुरा इलाके में खुले में मांस बेचने के साथ ही अवैध बूचड़खानों के संचालन की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद आज निगम की टीम ने औचक निरीक्षण किया, जहां 6 दुकानदारों द्वारा अवैध बूचड़खाने संचालित किए जा रहे थे। इनमें नियमों के विपरीत गलत तरीके से पशुओं का वध किया जा रहा था। ऐसे में निगम की टीम ने सभी को सीज कर दिया। नियमों के विपरीत खुले में मांस बेचने वाले 2 दुकानदारों के चालान काटे हैं। बता दें कि जयपुर नगर निगम ने अब अवैध डेयरी के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**मोदी सरकार के खिलाफ NSUI ने निकाला मशाल जुलूस**

# NEET अभ्यर्थियों को मिले केंद्र से मुआवजा

**बेधड़क** | जयपुर

नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए एनएसयूआई ने राजस्थान यूनिवर्सिटी से शहीद स्मारक तक मशाल जुलूस निकाल विरोध जताया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर मोदी सरकार ने नीट का पेपर रद्द कर फिर से परीक्षा का आयोजन नहीं किया तो देशभर में मोदी सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि नीट परीक्षा में बड़ी धांधली हुई है।




मोदी सरकार ने देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, जिसे एनएसयूआई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। जाखड़ ने कहा कि केंद्र सरकार को नीट परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को आर्थिक मुआवजा देना चाहिए। साथ ही पारदर्शी तरीके से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो।

### नीट भर्ती परीक्षा को तुरंत रद्द करें

जाखड़ ने कहा कि नीट परीक्षा में दिल्ली, पटना, झारखंड के कई सेंटर पर एक ही क्रम में बैठे होना, अभ्यर्थियों के 720 में से 720 नंबर आना भर्ती परीक्षा में संदेह पैदा करता है। नीट परीक्षा में जो अभ्यर्थी परीक्षा के लिए देरी से पहुंचे, उनको एनटीए ने किस आधार पर बोनस अंक दिए हैं। इसका भी अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। इसके बाद कई परीक्षार्थियों ने आत्महत्या की है, ऐसे में सरकार को नीट भर्ती परीक्षा को तुरन्त प्रभाव से रद्द करना चाहिए।

**जमनालाल बजाज मार्ग पर गर्डर लॉन्चिंग जारी**

# सिविल लाइंस ROB कार्य 70 फीसदी पूरा, जल्द खुलेगा आमजन के लिए

- जेडीए कमिश्नर ने बताया आरई वॉल का कार्य प्रगति पर

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा यातायात सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य के तहत जारी आरओबी सिविल लाइंस का निर्माण कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है, एवं जल्द ही आमजन के लिए इसे खोला जाएगा। इसके साथ ही जयपुर-दिल्ली एवं जयपुर-सवाई माधोपुर रेलमार्ग पर भी कार्यों को जल्द ही पूरा किया जाएगा।

जेडीसी मंजू राजपाल ने बताया कि जेडीए के निर्माणाधीन कार्य प्रगति पर है, उन्होंने बताया कि जमनालाल बजाज मार्ग पर गर्डर लाँचिंग चल रही है एवं शीघ्र ही स्लैब का कार्य शुरू किया जायेगा। साथ ही रेलवे पोर्शन में पाइल का कार्य प्रगतिरत है।

जैकब रोड पर 70 प्रतिशत सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं आरई वॉल का कार्य प्रगति पर है। जेडीए द्वारा कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।





### निरंतर मॉनिटरिंग जारी

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशों के बाद से ही जेडीसी मंजू राजपाल द्वारा निरंतर बैठक एवं मॉनिटरिंग करते हुए प्रोजेक्ट का कार्य तीव्रगति से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आर.ओ.बी की चौड़ाई 17.10 मी. एवं लम्बाई 706 मी. प्रस्तावित है। आरओबी में वायाडक्ट की लम्बाई 381.28 मीटर होगी, जिसमें 17 स्पान होंगे। रेलवे स्पान की लम्बाई 34.78 मी. तथा अन्य स्पान की लम्बाई 25.00 मी. होगी। साथ ही दोनों ओर 5.50 मी. सर्विस रोड का निर्माण कराया जाएगा।

### निर्बाध चल पाएगा यातायात

इस आरओबी के निर्माण से जैकब रोड से जमनालाल बजाज मार्ग पर यातायात का निर्बाध रूप से आवागमन हो पाएगा। इससे एलसी बंद होने की स्थिति में जैकब रोड, जमनालाल बजाज मार्ग, परिवहन मार्ग एवं सवाई प्रताप मार्ग पर जाम होने वाला यातायात सुगम हो जाएगा।

## जरूरी खबर

### लापरवाही पर दो कोचिंग संस्थानों को किया सीज



**कोटा।** नगर निगम कोटा दक्षिण की अग्निशमन अनुभाग की टीम ने शुक्रवार को दो कोचिंग संस्थानों के परिसर में कार्रवाई की है। अग्निशमन के उचित प्रबंध नहीं होने और अनियमिताओं के चलते परिसर के कुछ हिस्से को सीज भी किया गया है। यह कार्रवाई कोटा में अनअकैडमी और फिजिक्स वाला कोचिंग संस्थान पर हुई है। इनके संबंध में नगर निगम के अग्निशमन अनुभाग ने पहले भी दोनों कोचिंग संस्थानों को कई बार नोटिस दिए हैं।

### महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का विरोध

**भीलवाड़ा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सरकारी भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा के बाद अब विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। शुक्रवार को युवाओं ने भीलवाड़ा जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इसमें संशोधन की मांग की। सैकड़ों युवा छात्र कलेक्ट्रेट के सामने मुखर्जी पार्क में एकत्रित हुए और वहां से रैली के रूप में सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50% आरक्षण देने की घोषणा में बदलाव की मांग की है।

### पेयजल किल्लत को लेकर आक्रोश रोड किया जाम



**अलवर।** जिले में गिरते भूजल स्तर के कारण आमजन अब पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसने लगे हैं। शुक्रवार दोपहर शहर के घोड़ाफेर सर्किल पर स्थानीय निवासियों ने पेयजल किल्लत के विरोध में सड़क पर जाम लगा दिया। इसके चलते यातायात प्रभावित हुआ। स्थानीय निवासी त्रिलोक चौहान ने बताया कि इस क्षेत्र में पानी की समस्या जबरदस्त चल रही है। इसके लिए जलदाय विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है, लेकिन सिर्फ झूठा आश्वासन मिल रहा है। हमारे क्षेत्र की राइजिंग लाइन में भी गंदा आ रहा है, जिससे लोग बीमार हो सकते हैं। मौके पर जलदाय विभाग के कर्मचारियों ने पहुंचकर लोगों से बातचीत कर मामला शांत कराया।

---

**बोर्ड की बैठक में सांसद ने कहा-** जनप्रतिनिधियों के अफसर नहीं उठाते फोन... जताई नाराजगी

# अधिकारी जनता के काम करें...बजट की चिंता हम पर छोड़ें

**बेधड़क** | भीलवाड़ा



कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला प्रमुख बरजी बाई भील की अध्यक्षता में जिला परिषद की बोर्ड बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में नवनिर्वाचित सांसद दामोदर अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों के फोन रिसीव नहीं करने की शिकायत पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आज के बाद अधिकारियों के किसी भी जनप्रतिनिधि का फोन रिसीव नहीं करने की शिकायत नहीं आनी चाहिए। भजनलाल की सरकार संवेदनशील है। अधिकारी बजट की चिंता ना करें और जनता के काम करें, बजट की चिंता हमारे पर छोड़ दें। बैठक में बिजली, पानी व रोड के मुद्दे को लेकर राजनेताओं ने संबधित अफसरों पर कार्य में कोताही बरतने के आरोप लगाए। इस दौरान भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर जनप्रतिनिधियों को लगता है की धरातल पर काम नहीं हुआ, तो आप इस काम के लिए विरोध करें। किसी भी जनप्रतिनिधि को विरोध करने से संकोच करने की जरूरत नहीं है। आप सब जनप्रतिनिधि हैं। जनता की भलाई व विकास के लिए अपने यहां मुद्दे रखें। आपके किसी भी मुद्दे पर अधिकारी द्वारा लापरवाही व कोताही बरती जाती है, तो विरोध कीजिए, क्योंकि यह राजनेताओं के बोलने का मंच है।

### बैठक के दौरान बिजली गुल

बोर्ड बैठक के दौरान अचानक दो बार बिजली गुल हो गई, जिससे साधारण सभा की बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों पर चुटकी लेते हुए कहा कि आज प्रशासनिक अधिकारी, सांसद, विधायक और बिजली विभाग के अधिकारी यहां बैठे हैं। उनके सामने ही बिजली कटौती के ये हालात हैं, तो ग्रामीण क्षेत्र में क्या हालात होंगे। बोर्ड बैठक में मांडल विधानसभा क्षेत्र से उदयलाल भड़ाना सहित जिले के अन्य विधायकों ने अतिक्रमण के मामले को लेकर सदन में अपना पक्ष रखा। इस दौरान बैठक में मौजूद जिला कलेक्टर नमित मेहता ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाना आपका काम है, लेकिन इस पर कार्रवाई करें। साथ ही जो विकास अधिकारी कार्य में लापरवाही बरतता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जनप्रतिनिधियों ने लगाया सहयोग नहीं करने का आरोप

विधायक उदयलाल भढ़ाना ने सदन में कहा कि मांडल क्षेत्र में अतिक्रमण सहित कई मुद्दे को लेकर हम बार-बार अधिकारियों को अवगत करवाते हैं, लेकिन इन पर अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं। इस पर विधायक भढ़ाना ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अधिकारी नेता को सहयोग नहीं करेगा, तो नेता क्या करेगा। वही करेड़ा प्रधान राजेंद्र सरगरा ने कहा कि 3 साल से बोर्ड बैठक का आयोजन हो रहा है। आज तक मैंने जितने भी मुद्दे रखे हैं मेरी तो बात ही नहीं सुनी गई। बैठक में विधायक गोपाल खंडेलवाल, गोपीचंद मीणा, लालाराम बैरवा, जब्बर सिंह सांखला, लादू लाल पितलिया, अशोक कोठारी भी मौजूद रहे।

---

**आम से लेकर खास तक हर किसी में** दिखा योग के प्रति उत्साह

# वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए बारह घंटे तक किया 'शशांक भुजंगासन'

**बेधड़क** | जोधपुर




विश्व योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को जोधपुर में हर ओर योग की धूम रही। डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा इस योग दिवस पर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए 12 घंटे तक लगातार 'गत्यात्मक शशांक भुजंगासन' किया गया जो रात 9 बजे तक चला। कुलपति प्रो। वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि शशांक भुजंगासन ऐसा आसान है, जो पूरे शरीर के लिए लाभदायक है।

कुलपति ने बताया कि इसे प्रचलित करने के उद्देश्य से रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। इधर शहर के अन्य क्षेत्रों में भी योग दिवस पर अलग-अलग कार्यक्रम किए गए राजस्थान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने कॉलेज प्रांगण में योग किया। बीएसएफ के जवानों ने ट्रेनिंग सेंटर और सीमा पर रेतीले धोरों पर योग किया। भारतीय सेना के जोधपुर स्थित कोणार्क कोर में भी योग दिवस पर आयोजन हुए। आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा भी परिसर में सेना के जवानों के लिए योग कार्यक्रम आयोजित किया। इसी तरह से हाईकोर्ट और जिला न्यायालय परिसर में भी योग को लेकर आयोजन किए गए।

### प्रमुख पर्यटन स्थलों पर किया योग

योगा से जुड़े युवाओं ने शहर के अलग-अलग दर्शनीय स्थलों पर योग किया। कोच यशदीप सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य शहर के प्रमुख स्थलों पर योगा कर योग को बढ़ावा देना है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उम्मेद स्टेडियम में हुआ। इसमें राज्य के संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल भी मोजूद रहे। यहां डॉ। गोपाल नारायण शर्मा के निर्देशन में सामान्य योग का अभ्यास प्रारंभ हुआ, जिसमें सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल लेटकर, पीठ के बल लेटकर, प्राणायाम किया गया। संकल्प एवं विश्व मंगल की कामना के साथ योगाभ्यास का समापन हुआ।

### रेतीले धोरों पर बीएसएफ के जवानों ने किया योगाभ्यास



**बाड़मेर।** राजस्थान के रेगिस्तानी जिले बाड़मेर में शुक्रवार को शहर से लेकर सरहद तक योग दिवस मनाया गया। शहर के आदर्श स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां जिला कलेक्टर निशांत जैन ने हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इधर, देश की सरहद की हिफाजत में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों और अधिकारियों के साथ ही सीमा प्रहरियों के परिजन भी योग दिवस कार्यक्रम में पूरे हर्षोल्लास के साथ शामिल हुए। दरअसल, शुक्रवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल बाड़मेर सेक्टर मुख्यालय व विभिन्न वाहिनियों की ओर से योग सत्र का आयोजन किया गया। बीएसएफ बाड़मेर सेक्टर के उप महानिरीक्षक आरके बसट्टा ने कहा कि योग दिवस पर इस आयोजन के माध्यम से हम अपने और अपने परिवारजनों व सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के बीच योग के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।

### योग से तन-मन स्वस्थ्य: बैरवा



**चाकसू।** दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चाकसू विधानसभा क्षेत्र में खंड व ग्राम पंचायत स्तर पर जन प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने कहा कि योग करने से तन और मन स्वस्थ रहता हैं। विधायक बैरवा ने माधोराजपुरा खंड स्तरीय सामूहिक कार्यक्रम में योगाभ्यास कर लोगों को नित्य योग करने की प्रेरणा दी। वहीं गणगौरी मैदान में उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा, पालिका ईओ शम्भु लाल मीणा एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ कस्बे के महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, पार्षद दिनेश शर्मा, त्रिवेणी श्याम शर्मा, विनोद राजोरिया, रामबाबू गोडीवाल मौजूद रहे। माधोराजपुरा में सरपंच रामजीलाल यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष अध्यक्ष कानाराम शर्मा, युवा नेता गिरिराज डूंगरी लालाराम जादम कई अन्य जनप्रतिनिधि शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए योग करते दिखाई दिए। वहीं मानव ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस कैम्पस में पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया ने योगाभ्यास किया।

### योग को अपनी जीवनचर्या का हिस्सा बनाएं



**सीकर।** जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग द्वारा शुक्रवार को एसके स्कूल के ग्राउंड में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, एसपी भुवन भूषण यादव ने भी योग किया। योग प्रशिक्षक आलोक कौशिक, डॉ. रजनी प्रभा, अभिलाषा रणवां, महावीर जांगीड़ के निर्देशन में सुबह 7 बजे विद्यार्थियों व आमजन को योग प्राणायाम व आसन करवा कर योग दिवस की शुरुआत की। जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में 2 हजार से अधिक स्टूडेंट्स व शहरवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने कहा कि मानसिक तनाव को दूर करने के लिए योग जरूरी है। योग को अपनी जीवन चर्या का हिस्सा बनाएं, जिससे बच्चे पढ़ाई के तनाव को दूर रख सके। वहीं पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि योग को हर घर तक पहुंचाएं, जिससे हर घर के नागरिक स्वच्छ और निरोग रह सके। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग से स्वास्थ्य लाभ, मन शांत रहता है।

---

**हिरणमगरी इलाके में डेढ़ महीने से कटौती**

## बिजली कटौती से गुस्साए लोगों ने बिजली निगम की जीप फूंकी



**बेधड़क** | उदयपुर


भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। गुस्साए लोगों ने गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात 2 बजे विद्युत निगम की जीप को आग के हवाले कर दिया। नाराजगी इस बात की है कि दिनभर के थके हारे लोग जब रात को सोने लगते हैं, तभी बिजली कट जाती है।

उदयपुर यानी लेकसिटी के उपनगरीय क्षेत्र हिरणमगरी के वाशिंदे भीषण गर्मी में आए दिन बिजली की अघोषित कटौती करने से तंग आ गए। ऐसे में देर रात लोगों ने अजमेर विद्युत वितरण निगम की जीप को आग लगाकर फूंक दिया। अघोषित बिजली कटौती का सिलसिला हिरणमगरी के डोरे नगर, सेक्टर तीन, चार, पांच और छह में डेढ़ महीने से चल रहा है। दो सप्ताह पहले 45 डिग्री से अधिक तापमान हो जाने पर भी बिजली विभाग ने अघोषित कटौती जारी रखी। इस क्षेत्र के पूर्व पार्षद लवदेव बागड़ी का कहना है बिजली कटौती को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। एक बार बिजली गुल हो जाती है तो रात में वापस बहाल नहीं की जाती। क्षेत्र के एक लाख नागरिकों को पूरी रात बगैर बिजली बितानी पड़ रही है।

क्षेत्र के वर्तमान पार्षद हेमंत बोहरा का कहना है कि बिजली विभाग दोहरी मार लगा रहा है। दिन में लाइन मेंटेनेन्स के नाम पर और रात में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है।

गुरुवार की रात करीब 12 बजे बिजली गुल हो गई। करीब दो घंटे लोगों ने सब्र किया। रात दो बजे तक बिजली बहाल न होने पर युवाओं की टोली ने फोन, मैसेज़, व्हाट्सएप के जरिए अजमेर विद्युत वितरण निगम के सब डिवीजन कार्यालय पर आक्रोश जताने पहुंच गए। वहां कोई जिम्मेदार कर्मचारी दिखाई नहीं देने पर कार्यालय परिसर में खड़ी बिजली निगम की जीप को आग लगा दी। सूचना मिलने पर हिरणमगरी पुलिस ने मौके पर भीड़ को तितर-बितर कर दमकल बुलाई गई।

### रेत पर बनाई PM मोदी की प्रतिमा




*__अजमेर।__ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने पुष्कर स्थित रेतीले धोरों के बीच नेशनल स्टैंडर्ड पार्क में 21 फुट लंबी और 25 फुट चौड़ी पीएम नरेंद्र मोदी की पद्मासन में बैठे प्रतिमा बनाई। इस दौरान पुष्कर विधायक और कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत और पालिका अध्यक्ष कमल पाठक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सैंड आर्टिस्ट रावत ने बताया कि प्रतिमा को बनाने में उन्हें पांच दिन लगे।*

---

**गंगनहर में पंजाब से राजस्थान के हिस्से का पूरा पानी नहीं मिलने का विरोध**

# सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की मांग... किसान पड़ाव

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर



जिले की जीवनदायिनी गंग नहर में निर्धारित हिस्से के मुताबिक सिंचाई पानी नहीं मिलने के चलते किसानों में आक्रोश है। इसे लेकर किसानों ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट पर पड़ाव शुरू कर दिया है।

पड़ाव में आसपास के गांव और शहरों से बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। ग्रामीण किसान मजदूर समिति संयोजक रंजीत राजू ने बताया कि पंजाब अपनी जिद पर अड़ा हुआ है और राजस्थान के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पंजाब में धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। पंजाब की नहरें अपनी क्षमता से 25 से 30% अधिक चल रही हैं। राजस्थान के किसान बर्बाद होने के कगार पर हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष गुलाबी सुंडी के कारण कॉटन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई और अब नहरबंदी के बाद भयंकर गर्मी के मौसम में सिंचाई पानी की अत्यंत आवश्यकता है, लेकिन अब किसानों को पूरा पानी नहीं मिल पा रहा। उन्होंने बताया कि राजस्थान के लिए 2500 क्यूसेक प्रतिदिन का शेयर निर्धारित है, लेकिन पिछले कई दिनों से 1000 क्यूसेक के आस-पास पानी छोड़ा जा रहा है।

### 24 को मंडिया बंद, 28 को चक्का जाम

किसानों ने कहा कि शुक्रवार को सांकेतिक प्रदर्शन किया गया है। आने वाले 24 जून को दोनों जिलों की मंडियां बंद करवाई जाएगी और 28 जून को चक्का जाम भी किया जाएगा। किसानों ने कहा कि गंग नहर के आरडी 45 से खंखा हेड तक सीसी रोड बनाई जानी चाहिए ताकि पानी चोरी रुक सके। इसके साथ-साथ नहर के किनारे एक पौंड को भी बनाया जाना चाहिए। जिससे रेगुलेशन को सही तरीके से चलाया जा सके।

### कांग्रेस भी उतरेगी सड़कों पर

कांग्रेस नेताओं ने श्रीगंगानगर में एक प्रेस वार्ता में विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार को घेरा और कहा कि अब कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और आंदोलन करेगी। सांसद कुलदीप इंदोरा ने कहा कि पिछले 10 दिनों से किसान सिंचाई पानी के लिए आंदोलन कर रहे हैं। पंजाब गंग नहर में राजस्थान के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है, जिससे किसानों की फसलों की बिजाई नहीं हो पा रही। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सीएम ने पंजाब के सीएम से बात की, लेकिन उसका नतीजा ये हुआ कि गंग नहर में पानी और कम हो गया।

### विधायक कुन्नर ने साधा निशाना

श्रीकरणपुर विधायक रूपेंद्र कुन्नर ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में राज्य सरकार आमजन को बिजली देने में नाकाम रही। हर दिन रात अनेको कट लगाए जा रहे हैं। उन्होंने रायसिंहनगर इलाके में हिरणों के शिकार के मामले में भी सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि इलाके में शिकार की घटनाएं बढ़ गई हैं। पूर्व विधायक राजकुमार गौड़ ने कहा कि पिछले सात महीनों में भाजपा सरकार कुछ नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार द्वारा मंजूर किए गए कामों को रिव्यू के नाम पर रोका जा रहा है।

---

## 44 किलो पॉलिथीन जब्त, जुर्माना भी वसूला

**बेधड़क** | चाकसू



नगरपालिका द्वारा व्यावसायिक क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाकर पॉलिथीन का उपयोग, संग्रहण तथा विक्रय नहीं करने के बारे में पिछले दिनों समझाइश की गई थी। इसके बाद शुक्रवार को नगर पालिका टीम ने क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 44 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर जुर्माना वसूला।

जानकारी के अनुसार टीम ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सब्जी-फल मंडी तथा मुख्य मार्केट क्षेत्र से पॉलिथीन जब्त की। साथ ही लोगों को कपड़े के थैले के उपयोग के लिए समझाइश की गई। कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमावत व कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक हंसराज मीणा ने बताया कि चाकसू पालिका सीमा क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी प्रतिबंध के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए विशेष अभियान चलाया गया है। इसमें जुर्माना लगाते हुए लगभग 44 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की कार्रवाई की गई हैं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग के रंग में रंगा जयपुर, बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग बने सहभागी

# योगमय हुई गुलाबी नगरी, छाया उत्साह

**जयपुर।** योग के लिए कई घंटे नहीं, बस रोजाना 30 मिनट ही पर्याप्त है। अगर आपने जीवन में इसे रोजाना अपना लिया तो तन और मन दोनों स्वस्थ रहेंगे। योग व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करता हैं। चिंता का भाव कम होता हैं। इसी भावना और प्रेरणा के साथ दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम राजधानी सहित जिलेभर में आयोजित हुआ। इस दौरान योग साधकों ने कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, ताड़ासन, भुजंगासन, धनुरासन, मत्स्यासन सहित कई योग किए। चहुंओर योग प्रदर्शन से ऐसा लग रहा था मानो गुलाबीनगरी पूरी योगमय होकर योग के रंग गई। बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग सभी ने उत्साह से भाग लेकर शरीर को स्वस्थ रखने का संकल्प लिया।



## स्वस्थ तन और स्वस्थ मन के लिए योग करें: शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

**जयपुर।** स्वस्थ तन और स्वस्थ मन जीवन मे सर्व सुख का आधार है और निरोगी काया के लिए योग ही उत्तम उपाय है। इसलिए हम सब को नित प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश की जनता के नाम अपने संदेश में शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने ये बात कही है। दिलावर ने कहा की प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को पूरी दुनिया मे एक नई पहचान दिलाई है। आज सारा विश्व मोदी जी के कारण योग करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा है। दिलावर ने जयपुर स्थित स्वाई मान सिंह स्टेडियम मे आयोजित राज्य स्तरीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में योग किया। कार्यक्रम में राज्यपाल महोदय कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी के नेतृत्व मे उपस्थित लोगों ने योग कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों सहित आमजन शामिल हुए।







## सुबोध पीजी कॉलेज में छात्राओं से कदम से कदम मिला किया योग

रामबाग स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्याल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें योग गुरु कृष्णा दग्दी ने छात्राओं और व्याख्याताओं को शारीरिक व मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए योग आसन सिखाएं और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का सुझाव दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर रेनू जोशी ने योग की महत्ता से छात्राओं को अवगत कराया । महाविद्यालय की उप प्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा ने छात्राओं के साथ कदम से कदम मिलाकर योग किया । कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नेहा वार्ष्णेय ने किया।



## चिकित्सा संस्थानों में भी हुए योग कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर प्रथम जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों पर योग कार्यक्रम योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि क्षेत्र के अस्पताल, सेटेलाइट अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों और उप स्वास्थ्यकेंद्र स्तर तक योग सत्र आयोजित हुए। सभी चिकित्सा संस्थानों पर आमजन को योग के बारे में जानकारी दी गई और योगाभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि आमजन ने बड़ी संख्या में योग संबंधी गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया और दैनिक जीवन मे योग को अपनाने का संकल्प लिया। इसी तरह सीएमएचओ द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों ने आमजन को दैनिक जीवन में योग के महत्त्व की जानकारी दी।

## कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में स्टाफ के साथ स्टूडेंट्स ने किया योग

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर एवं वेलनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस उपलक्ष्य में शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों के लिए दो योग सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में योगिनी जयश्री अलवानी ने सूक्ष्म व्यायाम से प्रारंभ करते हुए वज्रासन, त्रिकोणासन एवं भुजंगासन आदि का अभ्यास करवाया। दूसरे सत्र में योगिनी आस्था माथुर ने शैक्षणिक स्टाफ को योगाभ्यास कराया। जिसमें प्राचार्य व उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल, क्लब संयोजक डॉ. पालू जोशी व क्लब सदस्य डॉ. शिप्रा गोयल सहित अन्य शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने नियमित दिनचर्या में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दैनिक जीवन की नकारात्मकता को दूर करने में योग अत्यंत प्रभावी है। अंत में क्लब सदस्य डॉ. सुरभि शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी में सीखाए योगासन के फायदे



राजधानी की विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और जज्बे के साथ मनाया गया। युनिवर्सिटी के मुख्य परिसर में सुबह छह बजे शुरू हुए योगाभ्यास कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डाॅ. प्रवीण चौधरी, डीन स्टूडेंटस वेलफेयर योगा क्लब सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों व शिक्षकों और स्टाफ ने योग प्रशिक्षक आचार्य राजेंद्र जोशी के निर्देशन में योगासन और प्राणायाम किया और नियमित योग करने के फायदे सीखे। वहीं स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। 'स्वयं और समाज के लिए योग' 2024 थीम पर 10वें आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने संदेश में सीईओ इंजीं ओंकार बगरिया ने कहा कि योग से मन एकाग्रचित्त रहता है, शीतलता का भाव आता है। युवाओं से आह्वान है कि वे एक स्वस्थ और खुशहाल समाज के निर्माण के लिए आम जन तक योग को प्रसारित करने अपनी भागीदारी सुनिश्चत करें। रजिस्ट्रार डॉ. प्रवीण चौधरी ने कहा कि योग महज शारीरिक आसन ही नहीं है, यह स्वास्थ्य के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण है।

## योग की शक्ति से जुड़ा आईसीएआई जयपुर शाखा

भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा ने कोगटा फाउंडेशन और जय क्लब के साथ मिलकर जय क्लब में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस बार उन्होंने "महिला सशक्तिकरण" को मुख्य ध्येय बनाया। सेंट्रल कॉउन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर सीए अनिल कुमार यादव, रीजनल कॉउन्सिल मेंबर आई.सी.ए.आई., आर. के. कोगटा, चेयरमैन एवं फाउंडर कोगटा फाउंडेशन, राम सरन गुप्ता, प्रेसिडेंट जय क्लब ने भी उपस्थित सदस्यों के साथ योग का अभ्यास किया। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि वीमेन एम्पावरमेंट की थीम को देखते हुए योग गुरु निशि त्यागी एवं उनकी 8 महिला सदस्यों ने पहले 5 मिनिट का योग प्रस्तुति दी ।




## जयपुर मेट्रो में दिखे 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग के नजारे

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के मेट्रो डिपो स्थित परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महेश भुराडिया, (निदेशक, कंपनी मामलात), विवेक कुमार, (निदेशक, परिचालन एवं प्रणाली), अखिलेश सक्सेना (निदेशक, परियोजना), मेट्रो पुलिस एवं मेट्रो कार्मिकों ने एकत्र होकर योगाभ्यास किया। इस योग शिविर कार्यक्रम में योग के महत्व के बारे में बताते हुए योग की विभिन्न मुद्राओं, विधियों व आसनों का अभ्यास अखिलेश सक्सेना (निदेशक, परियोजना) द्वारा करवाया गया। साथ ही इस वर्ष की योगा थीम पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग स्वयं और समाज के मध्य संतुलन बनाने का बेहतर माध्यम है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टी. रविकान्त ने योग शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने हेतु सभी को बधाई दी और बताया कि सेहत के साथ ही योग मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण है।

## रेलवे में जीएम और डीआरएम के साथ रेलकर्मियों ने दिखाई योग में भागीदारी

10वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलकर्मियों में जोन मुख्यालय, मण्डलों और यूनिटों मे योग हुए। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इस मौके पर जगतपुरा अधिकारी क्लब में योगाभ्यास शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में अमिताभ महाप्रबंधक तथा अशोक माहेश्वरी, अपर महाप्रबंधक सहित विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण, डा. अंजू, अध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन व पदाधिकारी एवं सदस्यगण, रेलकर्मियों के परिवारजनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसी तरह जयपुर रेल मंडल में भी अरावली अधिकारी क्लब गणपति नगर जयपुर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए योग अभ्यास का आयोजन किया गया। डीआरएम विकास पुरवार सहित विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण तथा कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया। रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए योग स्वयं और समाज के लिए थीम पर योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ईशा फाउंडेशन के योग ट्रेनर्स ने रेलकर्मियों को योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया। शिविर में अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गोयल, संजीव दिक्षित वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. हिना अरोड़ा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बी.सी.एस. चौधरी सहित रेलवे स्टाफ शामिल हुआ।





## खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने राजस्थान विवि में किया योग

राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल परिसर में प्रो. अल्पना कटेजा, कुलपति की अध्यक्षता में चल रहे पांच दिवसीय योग शिविर का समापन हो गया। समारोह में डॉ. प्रीति शर्मा, सचिव खेल बोर्ड ने बताया कि अन्तिम दिन योग दिवस पर लगभग 700 प्रतिभागियों ने भाग लेकर लाभ उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। राठौड़ ने आए सभी प्रतिभागियों को जिंदगी में एक प्रण लेकर उसको उसी पल में जीने की कोशिश करने के लिए प्रेरित किया। योग शिविर में प्रतिदिन योग के अलग-अलग चरणों को सिखाया गया। समारोह में हर्टुफुलनेस मेडिटेशन संस्था के तरूण तोशनीवाल ने सभी प्रतिभागियों को ध्यान (मेडिटेशन) कराया। समारोह को पार्थ सारथी ग्रुप, टेरास्टार ल्युबस् प्रा. लि. एवं अल्कालाईन बाटर कम्पनी द्वारा स्पॉन्सर किया गया। समारोह के अन्त में प्रो. सरिना कालिया, विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग ने मंच पर प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और इस सम्पूर्ण मंच का सचांलन सुरेन्द्र मीणा, सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा ने किया।



# योग करने जैसे विश्व उतर आया जंतर-मंतर पर

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के योग साधकों और 16 देशों के विद्यार्थियों सहित 2500 लोगों ने किया योगाभ्यास

आयुष मंत्रालय भारत सरकार और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर ने योग दिवस पर सुबह 6 बजे से जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, ब्रह्मकुमारी संस्था से दीदी बी. के. लक्ष्मी,अपैक्स विश्विद्यालय के डीन एकेडमिक एयर कॉमन्डेड देवेन्द्र शेखावत, जन्तर मन्तर, जयपुर की अधीक्षक प्रतिभा यादव ने योग अभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। जिससे सामान्य जन अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहकर बीमारियों से दूर रह सकें।

संस्थान में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों, चिकित्सकों, कर्मचारियों के साथ 16 देशों के 70 से अधिक विद्यार्थियों और जंतर मंतर के प्रांगण में उपस्थित सामान्य जनता ने भी इस कार्यक्रम में एक साथ योगाभ्यास करके आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया और इसे नियमित करने का प्रण लिया। संस्थान में अध्यनरत विदेशी छात्रों ने सोशल मीडिया के द्वारा अपने परिवार जनों को इस कार्यक्रम में जोड़कर उनको योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस तरह से ऐसा लगा कि पूरा विश्व आज योगमय होने के साथ-साथ जयपुर के जंतर मंतर में उतर आया हो। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी संस्था से दीदी बी. के. लक्ष्मी ने दैनिक जीवन योग की महिमा को बताते हुए उपस्थित सभी योग साधकों को ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा नियमित रूप से किए जाने वाले मेडिटेशन का अभ्यास करवाया।



अपैक्स विश्विद्यालय के डीन एकेडमिक एयर कमोडोर देवेन्द्र शेखावत ने बताया कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नित्य प्रतिदिन योगाभ्यास सभी को करना चाहिए। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वस्थवृत एवं योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दुर्गावती ने उपस्थित सभी योग साधकों को धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# बढ़ता तापमान... बढ़ती बीमारियां और मरते लोग



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

भीषण गर्मी से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। गौरतलब यह है कि नौतपा तक को विदा हुए अब करीब 15 दिन से ज्यादा समय बीत चुका है लेकिन फिर भी गर्मी से राहत अभी भी सपना बनी हुई है। वह बात दीगर है कि आंधी और बूंदाबांदी से कहीं कहीं कुछ फर्क पड़ा है। फिर भी देश के उत्तरी राज्य अभी भी भीषण गर्मी से तप रहे हैं। गौर करने वाली बात यह है कि बीते एक महीने से भी ज्यादा समय से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है जबकि राजस्थान के जैसलमेर में इस दौरान पारा 55 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जबकि दिल्ली में पिछले 80 साल का और पंजाब 46 साल का रिकॉर्ड तोड़ चुका है। इस बीच दिल्ली पारे की सीमा 52.9 तक पार कर चुकी है। अब भी यहां का तापमान 44.9 के आसपास है जो बीते दिन 51 तक पहुंच गया जबकि बिहार 46.9 डिग्री को पार कर चुका है। यह स्थिति कमोबेश देश के सभी उत्तरी राज्यों की है जो चिलचिलाती धूप और भीषण लू के थपेड़ों के चलते त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। गर्मी के चलते दिन में बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। लोग गर्मी की वजह से घरों से नहीं निकल रहे हैं। इस कारण सड़कों पर रेहड़ी पटरी वाले ग्राहकों को तरस गये हैं। बाजार में भी ग्राहकों की तादाद में भारी गिरावट आई है। गर्मी की मार से क्या पहाड़ और क्या मैदानी इलाके कोई भी इलाका अछूते नहीं रहे हैं। इस बार तो गर्मी ने पहाडों पर भी रिकार्ड तोड़ दिया है। हिमाचल और उत्तराखंड भी इस गर्मी से अपने को बचा नहीं सके हैं। उत्तर प्रदेश का प्रयागराज 47.6 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है।

जम्मू के कठुआ में तापमान 48.5 डिग्री पार कर गया है। उत्तराखंड के मैदानी इलाके भी गर्मी से बेहाल हैं। हालत इतनी खराब है कि वह चाहे उत्तर प्रदेश हो, हरियाणा, पंजाब हो, राजस्थान, मध्य प्रदेश हो या फिर चंडीगढ़ दिन तो क्या रात में भी गर्मी की मार से तपते रहे हैं। सैकड़ों की तादाद में लोग रोज मौत के मुंह में जा रहे हैं। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। अस्पतालों में गर्मी के शिकार मरीजों की तादाद दिन ब दिन बढ़ रही है। इनमें लावारिस लोग बहुतायत में हैं जो सड़कों पर बेसहारा पड़े मिले हैं। वे अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुके होते हैं। अकेले एनसीआर में बीते 48 घंटों में 226 से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले गये हैं। शमशानों पर शवों की भीड़ लगी है। वहां अंतिम संस्कार हेतु लम्बी लम्बी कतारें लगी हैं। मंत्री अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा में ही लगे हैं। गौरतलब है कि वैश्विक इतिहास में पहली बार हम वैश्विक गर्मी की यह भयावहता देख रहे हैं जिसकी अब तक विश्व के पर्यावरणविद और विज्ञानी केवल कल्पना भर ही कर रहे थे। आने वाला समय और भयावह होगा।

> “संयुक्त राष्ट्र की जलवायु समिति के अनुसार यदि धरती के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकना है तो 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 43 फीसदी तक घटाना होगा। यह समय की मांग है क्योंकि धरती के गर्म होने की रफ्तार अनुमान से कहीं ज्यादा है। आज धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है। दरअसल समस्या की असली जड़ जीवाश्म ईंधन है जिससे हमें दूर जाने की बेहद जरूरत है।”

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार अगले पांच साल में पहली बार वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने के 66 फीसदी आसार हैं। अभी यह हाल हैं तो अगले पांच सालों में गर्मी का क्या हाल होगा? उस हालत में कैसे जियेंगे हम। यही सवाल आज सबसे अधिक चर्चा का विषय बना हुआ है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक तापमान की सीमा छूने का अर्थ है कि विश्व 19वीं शताब्दी के दूसरे हिस्से के मुकाबले अब 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। दुनिया में तापमान में हो रही बेतहाशा बढोतरी भयावह खतरे का संकेत है। जलवायु परिवर्तन और अलनीनो ने इसमें अहम भूमिका निबाही है। यह सब कोयला, तेल और गैस के जलाने की सभी सीमाएं पार करने का दुष्परिणाम है। फिर बीते सालों की रिकार्ड तोड़ प्राकृतिक घटनाओं को देखते हुए जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने में तत्परता से कारगर कदम उठाने में वैश्विक समुदाय उतना सजग नहीं दिखता जितना होना चाहिए।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन डब्ल्यूएमओ की मानें तो न केवल बीता वर्ष बल्कि पूरा बीता दशक धरती पर अभी तक का सबसे गरम दशक रहा है। और 2014 के बाद यह जून का महीना सबसे गर्म रहा है। हकीकत यह है कि मौसम के बदलाव ने लोगों की रातों तक की नींद उड़ा दी है। मौसम विज्ञान विभाग संगठन ने चेतावनी दी है कि यह वर्ष भी गर्मी का रिकार्ड तोड़ देगा। इस वर्ष की रिकार्ड गर्मी की शुरूआत ने 12 माह के औसत तापमान को उस स्तर से आगे बढा कर 1.5 डिग्री को लांघ दिया है। चिंता की बात यह है कि यदि तापमान वृद्धि की दर पर अंकुश नहीं लगा तो सदी के अंत तक गर्मी से 1.5 करोड़ लोग मौत के मुहाने तक पहुंच जायेंगे। अमेरिका की पर्यावरण संस्था ग्लोबल विटनेस और कोलंबिया यूनीवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि तेल और गैस का अत्याधिक मात्रा में उत्सर्जन वह अहम कारण है जिसके चलते उत्सर्जन स्तर यदि 2050 तक यही रहा तो 2100 तक गर्मी अपने घातक स्तर तक पहुंच जाएगी जिसका नतीजा लाखों लोगों की मौत के रूप में सामने आयेगा। गर्मी के बढ़ते प्रभाव से खाद्यान्न आपूर्ति पर संकट बढ़ जाएगा। इससे फसलों की कटाई, फलों का उत्पादन और डेयरी उत्पादन सभी दबाव में हैं।

बाढ़, सूखा और तूफान की बढ़ती प्रवृत्ति ने इसमें और इजाफा किया है। वाशिंगटन में सेंटर फार स्ट्रेटेजिक एण्ड इंटरनेशनल स्टडीज के खाद्य विशेषज्ञ कैटलिन वैल्श कहते हैं कि इन मौसमी घटनाओं की वजह से उत्तरी अमेरिका, योरोप और एशिया के बड़े हिस्से के किसान मुश्किल में हैं। दक्षिणी योरोप में गर्मी के कारण गायें दूध कम दे रही हैं। इटली में अंगूर, खरबूजा,सब्जियां तक और गेंहू उत्पादन तक प्रभावित हुआ है। वहीं मछलियों का आवास भी प्रभावित हुए नहीं रहा है। इससे उनकी संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। इससे बहुतेरी प्रजातियों के खत्म होने का खतरा बढ़ रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जम्मू कश्मीर दौरा

# उम्मीदों का योग... चुनाव का संयोग



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

> “कश्मीर में शांति बहाली से दोस्ती व बातचीत की राह ही निकलेगी। एटम बम की धमकियां पहले भी नहीं चली थी और अब भी नहीं चलने वाली हैं। आतंक से निपटना भारत को आता है। देश इस बात को अच्छी तरह जानता है कि पीएम मोदी के शपथ ग्रहण के दिन जम्मू कश्मीर के रियासी इलाके में धार्मिक यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की बस पर हुआ आतंकी हमला कोई संयोग मात्र नहीं था। वह सीमा पार की नापाक साजिशों का ही हिस्सा था।”

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस यानी 21 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर के दौरे पर थे। उन्होंने बारिश की बूंदों के बीच पहले एक हॉल में और फिर डल झील के किनारे योग किया तो एक बदलते कश्मीर की तस्वीर सामने आई। यह योग किसी परिपाटी का निर्वहन मात्र नहीं था, बल्कि उम्मीदों का योग था। उम्मीदें जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली और वहां देश के अन्य भागों की तरह ही शांति की स्थापना की। वहां निवेश का सतत प्रवाह बने और राज्य विकास के पथ पर और तेजी से कदम बढ़ाए। पीएम मोदी ने इसके संकेत भी दिए। गुरुवार शाम श्रीनगर पहुंचते ही वे युवाओं के साथ संवाद के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम था युवाओं का सशक्तीकरण और कश्मीर में बदलाव। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि अनुच्छेद 370 की दीवार गिर गई है। यहां पर जल्द राज्य विधानसभा के चुनाव होंगे और इस केंद्र शासित प्रदेश को फिर राज्य का दर्जा भी मिलेगा। पीएम मोदी के इस बयान से साफ है कि राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली सन्निकट है और पूर्ण राज्य की लोगों की आकांक्षा भी पूरी होने वाली है।



जम्मू कश्मीर में आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुए थे। तब भाजपा व पीडीपी ने मिलकर सरकार बनाई थी; लेकिन यह गठबंधन अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। इस बीच, राज्य में अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया गया। अब बदले हुए वातावरण में राज्य में सितंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं और जमीनी स्तर पर इसकी तैयारियां भी चल रही हैं। निर्वाचन क्षेत्रों का परिसमीन हो गया है और मतदाता सूचियों को अपडेट करने का आदेश भी चुनाव आयोग दे चुका है। राजनीतिक दलों की सक्रियता भी बढी है। वे भी चुनावी तैयारी में लगे हैं। भाजपा ने हाल ही जम्मू कश्मीर के लिए केंद्रीय मंत्री जी श्रीकिसन रेड्डी को अपना प्रभारी नियुक्त किया है। पीएम मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान यहां पर कुछ संकेत और भी दिए। जब उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी तो सीमा पार बैठे अमन के दुश्मनों के भारत के इरादों का पता चल गया होगा कि वह राज्य में शांति बहाली में बाधक ताकतों के प्रति कोई नरमी नहीं दिखाएगा। कश्मीर में शांति बहाली से दोस्ती व बातचीत की राह ही निकलेगी। एटम बम की धमकियां पहले भी नहीं चली थी और अब भी नहीं चलने वाली हैं। आतंक से निपटना भारत को आता है। देश इस बात को अच्छी तरह जानता है कि पीएम मोदी के शपथ ग्रहण के दिन जम्मू कश्मीर के रियासी इलाके में धार्मिक यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की बस पर हुआ आतंकी हमला कोई संयोग मात्र नहीं था। वह सीमा पार की नापाक साजिशों का ही हिस्सा था। इस घटना के बाद अगले दो दिन में और दो-तीन आतंकी हमले हुए। इससे साफ है कि राज्य में सामान्य होते हालात और विधानसभा चुनाव को लेकर जारी तैयारियां पाकिस्तान को पच नहीं रही हैं।

प्रधानमंत्री ने सीमापार बैठी ऐसी ताकतों को दो टूक संदेश दिया कि भारत जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोडेगा। हाल में लोकसभा चुनाव में कश्मीर में जिस तरह से मतदान हुआ वह काफी उत्साहवर्धक है और लगता है यही सीमा पार बैठे आतंक के आकाओं को पच नहीं रहा। उन्होंने देखा कि लोग बेखौफ होकर घरों से बाहर निकले और मतदान किया। लोगों की चुनाव प्रक्रिया में यह भागीदारी बहुत अहम है। उनकी यह भागीदारी कश्मीर के लोगों के बदलते मूड का संकेत देती है। हां, चुनाव नतीजों ने जरूर चैंकाया था। वहां की मुख्य सियासी धारा वाली पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी को बड़े झटके का सामना करना पड़ा। उमर अब्दुल्ला और मेहबूबा मुफ्ती चुनाव हार गए। इससे सवाल उठता है कि क्या कश्मीर की मुख्यधारा में रही पार्टियां और राजनेता अब अप्रासंगिक होने लगे हैं? सच बात तो यह है कि ये पार्टियां और नेता अपने अतीत के सोच और पूर्वाग्रहों से बाहर नहीं निकल पाए हैं। उन्हें अब प्रासंगिक बनने के लिए जम्मू कश्मीर को आज की रोशनी में देखना होगा और एक नई शुरुआत भी करने होगी। अन्यथा वे यदि अभी अप्रासंगिक नहीं हुए हैं तो हो जाएंगे। अब यह धमकी नहीं चल सकती कि पाकिस्तान से बात करो, उसके पास एटम बम हैं। एटम बम से भी बडी ताकत वोट की है। जम्मू कश्मीर के अवाम को उसकी चुनी हुई सरकार मिले और वहां के युवाओं के लिए आगे बढ़ने की नई राह खुले। रोजगार और व्यवसाय के अवसर बढें और राज्य में निवेश आए। जम्मू कश्मीर में निवेश बढ़ भी रहा है और यह भी एक सकारात्मक पक्ष है कि कश्मीर में खाड़ी के कई देश निवेश करने के इच्छुक हैं। पिछले दस साल में पीएम मोदी के कार्यकाल में खाड़ी देशों के साथ जिस तरह से रिश्तों में सुधार हुआ है, उसने निवेश व द्विपक्षीय सहयोग का नया रास्ता खोला है। जम्मू कश्मीर में बढ़ता निवेश और सुधरते हालात, आसन्न विधानसभा चुनाव के बीच पीएम मोदी की वहां की यात्रा से पडोसी देश पाकिस्तान के पेट में दर्द होना स्वाभाविक है। गत दिनों पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर गए थे। वहां पर दोनों देश कश्मीर पर जहर उगलने से बाज नहीं आए थे। दोनों ने अपने बयान में कश्मीर का जिक्र किया था, लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं और किसी भी देश को उनकी स्थिति पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। दोनों देशों ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को लेकर कश्मीर का जिक्र किया था, लेकिन उनकी मंशा कुछ और ही है। लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि वह पाकिस्तान के इस क्षेत्र पर अवैध कब्जे को वैध बनाने के किसी भी कदम को स्वीकार नहीं करेगा।

समय समय पर मीडिया में यह खबरे आती रहती हैं कि चीन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सैन्य ढांचा मजबूत करने में पाकिस्तान की मदद कर रहा है। हाल ही में ऐसी खबरें भी आईं कि जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमलों में चीन में बनी स्टील की गोलियों का उपयोग किया गया। पाकिस्तान और चीन का यह नापाक गठजोड भी भारत के लिए चिंता का विषय है। इस नापाक गठजोड़ को कश्मीर में विकास की तेज गति तोड़ सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को श्रीनगर में कई इंफ्रास्ट्रकचर और कृषि परियोजनाओं को शुरू करते हुए इस बात को रेखांकित भी किया। उन्होंन कहा कि विदेशी ताकतें घाटी में तरक्की राह रोकने की कोशिशें कर रही हैं और हमें उनको नकाम करना है। उम्मीद है प्रधानमंत्री मोदी का श्रीनगर में उम्मीदों भरा योग जम्मू कश्मीरके लिए तरक्की के योग का रास्ता खोलेगा और निर्वाचित सरकार और पूर्ण राज्य की लोक आकांक्षा जल्द पूरी होगी। बीते वर्षों के अध्ययन से पता चलता है कि अकेले 2022 में 60 हजार से ज्यादा लोगों की मौत गर्मी के चलते हुई। अत्याधिक तापमान का असर इंसान के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# लपकने की कला



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

मनुष्य जीवन में जितनी कलाएं हैं उसे माहिर बनाने में मददगार होती हैं ,उनमें से एक कला है लपक ने की कला। यह जीवन में कभी भी काम आने वाली कला है। मैंने तो बालपन से ही साथी द्वारा फेंकी जाने वाली गेंद को लपकने की कला सीख ली थी। क्रिकेट में खेल में भी उठी गेंद के चौके छक्के को भी कई बार लपकने की कला में एक्सपर्ट खिलाड़ी लपक कर बल्लेबाज को पेवेलियन भेज देता है। लपकने की कला में आदमी ही क्या बंदर भी बहुत एक्सपर्ट होते हैं। आप भूखे बंदर को सामने कोई फल फेंकिए वह उसे तुरंत लपक लेता है।

हमारे देश में समय-समय पर चुनाव होते रहते हैं। यह जानने के लिए की इस बार कौन सी पार्टी की सरकार बनेगी, चुनाव में हर पार्टी विभिन्न मुद्दे लेकर जनता के सामने जाती है। मुद्दों को अपने पक्ष में भुनाने ने की पूरी कोशिश करती है। कई मुद्दे इतने ज्वलंत होते हैं कि जो पार्टी इन्हें लेकर जनता के बीच जाती है वह इनका खूब प्रचार प्रसाद करती है। वोटो के लिए जनता को रिझाने का पूरा प्रयास करती है।

कई मुद्दे पुराने हो जाते हैं। जैसे जंग खाई तलवार की अपनी चमक दमक कम हो जाती है। वैसे ही मुद्दों की भी अपनी लुभावनी क्षमता कम हो जाती है। कभी वोफर्स कभी राफेल मुद्दे बने जो कभी जनता को प्रभावित करते रहे हैं। वर्षों से ईवीएम भी चुनावी चर्चा में बना रहा। पर इस बार विपक्ष ने इसकी उपयोगिता को थोड़े मन से स्वीकारा। चुनाव आयोग को भी लगा है अब भविष्य में ईवीएम को लेकर कोई बयानबाजी नहीं होगी और सबके बीच सहजता बनी रहेगी, लेकिन सोचा न था कि सहज हुए शांत वातावरण में कोई व्यक्ति आग लगाकर चलता बनेगा।

उसने अपनी बात इस तौर तरीके से उछाली कि विपक्षी पार्टी ने उसे लपक कर मुद्दा बना लिय। अभी हाल ही में स्पेसएक्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने ईवीएम की जरूरत को ही खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इसे हैक किया जा सकता है। मस्क की बात को इंडिया गठबंधन के प्रमुख पार्टियों ने फिर से इस मुद्दे को लपक लिया। और चुनाव आयोग के सामने फिर से समस्या को खड़ा कर दिया, पर चुनाव आयोग भी अपनी सच्चाई पर डंके की चोट पर खड़ा है। अब देखते हैं कि लपका हुआ मुद्दा फिर से अपना कितनी रंग जमाता है।

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
“देश के भविष्य, विद्यार्थियों को शिक्षक तैयार करते हैं। शिक्षकों की भूमिका विद्यार्थियों को महज अक्षर ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह देश के भविष्य को आने वाली चुनौतियों से निपटना भी सिखाते हैं। जीवन में गुरु के योगदान को बयां करना संभव नहीं है। शिक्षक समाज को दिशा देने का काम करते हैं। वे समाज में बुराइयों को खत्म करने का काम करते हैं। वे समाज में अच्छा वातावरण बनाने और राष्ट्र को सर्वोपरि बनाने के लिए कार्य करते हैं।”



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
आज देश भर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथियों ने NEET परीक्षा घोटाले के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। भाजपा राज में भर्तियों में बेतहाशा भ्रष्टाचार, पेपर लीक और शैक्षणिक घोटाले देश के भविष्य को अंधकार में धकेल रहे हैं। भ्रष्टाचार का यह खेल तत्काल बंद होना चाहिए। हमारी मांग है कि NEET परीक्षा में हुए घोटाले पर त्वरित और सख्त कार्रवाई हो ताकि 24 लाख युवाओं को न्याय मिले।



**गोविंद सिंह डोटासरा,** प्रदेशाध्यक्ष राज. कांग्रेस
@GovindDotasra
प्रधानमंत्री मोदी की खुद डिग्री सवालों के घेरे में है लेकिन आश्चर्य की बात है वो करोड़ों रुपए के इवेंट करके बच्चों को परीक्षा के गुर बता रहे हैं। आज देश का बच्चा-बच्चा बोल रहा है कि NEET में घोटाला हुआ है लेकिन इतनी बातें करने वाले प्रधानमंत्री जी चुप हैं।

## मुख्यमंत्री जनसुनवाई केन्द्र : घर बैठे हो रहा समस्याओं का समाधान

# किसी के सपने पूरे तो किसी को मिला सहारा



राजेश खण्डेलवाल
वरिष्ठ पत्रकार

भरतपुर में खुले राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री जनसुनवाई केन्द्र से किसी के सपनों को उड़ान मिली तो कई लोगों को सहारा भी मिला। यह केन्द्र भरतपुर संभाग ही नहीं बल्कि राज्य के सभी नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए स्थापित किया गया। पदभार ग्रहण करते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनसुनवाई केन्द्र का उद्घाटन किया। 6 फरवरी को आमजन से सहृदयता से मिलते हुए सैकड़ों परिवादों का निस्तारण कराया। यहां आमजन सोमवार से शुक्रवार प्रातः 9.30 से शाम 6 बजे तक अपनी समस्याओं को लेकर आ सकते हैं। केन्द्र पर राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी आर के त्रिपाठी को बतौर विशेषाधिकारी लगाया है। इस केंद्र पर छाया, पानी और बैठने के माकुल इंतजाम किए हैं।

### 80 फीसदी से ज्यादा समस्याओं का निराकरण

भरतपुर स्थित मुख्यमंत्री जनसुनवाई केन्द्र में अब तक कुल 2346 परिवाद मिले, जिनमें से 1300 से अधिक परिवादों का निस्तारण कर नागरिकों को सीधा लाभ मिला है। शेष परिवादों में समयबद्धता निर्धारित करते हुए प्रक्रियाधीन हैं। इस तरह केन्द्र पर प्राप्त होने वाले परिवादों में से 80 प्रतिशत से ज्यादा समस्याओं का निस्तारण हुआ।



### कृष्णा के सपनों को लगे पंख

भरतपुर के सारस चौराहे की निवासी 26 वर्षीय कृष्णा सिंह के लिए भरतपुर का जनसुनवाई केन्द्र घर बैठे गंगा के समान साबित हुआ। कृष्णा ने बताया की उन्होंने अध्यापक भर्ती परीक्षा में विशेष दिव्यांग श्रेणी के तहत आवेदन किया, लेकिन दिव्यांग सर्टिफिकेट बनने में विलम्ब हो रहा था। वह 4 अप्रेल, 2024 को आवेदन लेकर जनसुनवाई केंद्र पहुंची। इसके बाद मुख्यमंत्री जनसुनवाई केन्द्र ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया। चिकित्सा विभाग ने दिव्यांग प्रमाण पत्र की त्रुटियों को शीघ्रता से दूर कर परिवादी की समस्या का निस्तारण किया। जिसका परिणाम यह हुआ की नतीजन, उसे 15 जून 2024 को पंचायत समिति हिंडौन के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमनगर, फूलवाडा में नियुक्ति मिल गई। जनसुनवाई केंद्र से मिली राहत से कृष्णा को राजकीय सेवा में समय पर दस्तावेज जमा कराने में मदद मिली जो उसके लिए जीवनभर यादगार बन गई।

### समस्याओं का तुरंत समाधान

विशेषाधिकारी ने बताया कि परिवादी के आवेदन का अध्ययन कर अधिकारियों को हाथों-हाथ दूरभाष पर निस्तारण के लिए निर्देशित कर पत्र लिखा जाता है। जब किसी व्यक्ति के प्रकरण पर किसी राजकीय विभाग से विशेष कार्यवाही अपेक्षित होती है तो वे इस केन्द्र के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग को पहुंचा सकते हैं और आवश्यकता होने पर राज्य सरकार को भी प्रकरण प्रेषित किए जाते हैं। यह केंद्र राजस्थान सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

### प्राप्त परिवाद... एक नजर में

| | |
|---|---|
| सीएमओ | 432 |
| पुलिस | 232 |
| राजस्व | 337 |
| नगर निगम | 285 |
| नगर विकास न्यास | 106 |
| चिकित्सा विभाग | 104 |
| शिक्षा विभाग | 104 |
| विद्युत विभाग | 114 |
| पंचायती राज | 116 |
| पीएचईडी | 100 |
| रसद विभाग | 19 |
| पीडब्ल्यूडी | 54 |
| अन्य विभाग | 343 |

### चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर सहित चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू की

# 1 जुलाई से होंगी मतदाता सूचियां अपडेट... 20 अगस्त को अंतिम प्रकाशन

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के बाद अब हरियाणा , झारखंड , महाराष्ट्र और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनावाओं की तैयारी शुरू कर दी है। इन राज्यों के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित सुगम-सुरक्षित स्थानों पर मतदान केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया 25 जून से शुरू होगी।

मतदाता सूचियों को अपडेट (अद्यतन) करने के लिए एक जुलाई को पात्रता तिथि तय की है। इसके साथ ही आयोग ने 20 अगस्त, 2024 को इन राज्यों के लिए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि निर्धारित की है। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को यह घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने बताया कि हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में वर्तमान विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः तीन नवंबर 2024, 26 नवंबर 2024 और पांच जनवरी 2025 को समाप्त होने जा रहा है। कार्यकाल पूरा होने से पहले इन राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। जम्मू-कश्मीर में राज्य के पुनर्गठन के बाद पहली बार विधान सभा चुनाव कराए जाने हैं। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं की भारी भागीदारी को देखते हुए आयोग ने एक जुलाई, 2024 को क्वालीफाइंग डेट मानते हुए जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूचियों को अपडेट करने का भी निर्देश दिया है।




### घर-घर सत्यापन का काम 25 से

चारों राज्यों में मतदान केंद्रों आदि में संशोधन से पहले के कार्यों के अंतर्गत बी.एल.ओ. के माध्यम से घर-घर सत्यापन 25 जून 2024 से कराया जाएगा। मतदान केंद्रों की जगहों को तर्कसंगत बनाने का कार्य 24 जुलाई तक कराया जाएगा। आयोग की ओर से एकीकृत मतादाता सूची का मसौदा 25 जुलाई तक प्रकाशित किया जाएगा। इन पर आठ अगस्त तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। दावों और आपत्तियों का निपटान 19 अगस्त तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जाएगा।

### कोई पात्र नागरिक वंचित नहीं रहे

आयोग ने कहा है कि उसका गहन और निरंतर ध्यान हमेशा मतदाता सूची की समावेशिता, शुद्धता और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने पर रहा है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने के अपने अधिकार से वंचित न रहे और बिना किसी डुप्लिकेट और त्रुटि के मतदाता सूची को त्रुटि मुक्त बनाए रखा जा सके और अयोग्य प्रविष्टियों को यथासंभव सीमित किया जाना चाहिए। इसलिए,आयोग सभी पात्र नागरिकों से अपील करता है कि यदि अभी तक नाम दर्ज नहीं हुआ है, तो वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आगे आएं और आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### कश्मीर में लोगों की भागीदारी से आयोग उत्साहित



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों द्वारा लोकसभा चुनावों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की कहानी बहुत ही आशाजनक और प्रेरणादायक है, जो दर्शाती है कि लोग लोकतंत्र में भाग लेने के लिए कितने उत्सुक हैं। आयोग इसे संभव बनाने में मदद करने के लिए उत्साहित है और जल्द ही जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू करेगा।

## जरूरी खबर

### पवन कल्याण जीत पर YSRCP नेता ने बदला अपना नाम



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेता मुद्रगदा पद्मनाभम ने हाल के विधानसभा चुनाव में जनसेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण जीत के बाद अपना नाम बदलकर आधिकारिक रूप से पद्मनाभ रेड्डी रख लिया है। पद्मनाभम ने चुनाव के दौरान दावा किया था कि यदि पवन कल्याण चुनाव जीत गए तो वह अपना नाम बदल देंगे। अब उन्होंने अपने दावे के अनुसार नाम भी बदल लिया है। बता दें कि आंध्र प्रदेश की पिथापुरम विधानसभा सीट से पवन कल्याण ने जीत हासिल की है।

### शपथ ग्रहण के साथ आंध प्रदेश विस का सत्र शुरू



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश विधानसभा का पहला सत्र शुक्रवार को नवनिर्वाचित विधायकों की शपथ ग्रहण प्रक्रिया के साथ शुरू हुआ। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के बुचैया चौधरी ने प्रोटेम स्पीकर के तौर पर सत्र की अध्यक्षता की। सत्र की शुरुआत सुबह के 9:45 बजे हुई। बता दें कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ढाई साल से अधिक समय बाद विधानसभा सत्र में शामिल हुए। अभिनेता से राजनेता बने पवन कल्याण अपने 15 साल के राजनीतिक करियर में पहली बार विधानसभा पहुंचे। उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। इस सत्र में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव होगा। टीडीपी सूत्रों के अनुसार, पार्टी के वरिष्ठ नेता नरसीपट्टनम विधायक सी. अय्यन्नपतरुडु को स्पीकर बनाए जाने की संभावना है।

### भाजपा की चार राज्यों के विधानसभा चुनावों पर है नजर

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का फिर बढ़ सकता है कार्यकाल

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के नेता अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन नेता की जिम्मेदारी भी मिल सकती है। वहीं, चार राज्यों में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उनके अध्यक्ष पद पर कार्यकाल को फिर विस्तार मिल सकता है। उनका कार्यकाल इस महीने समाप्त हो रहा है। चर्चा है कि नड्डा के सहयोग के लिए किसी कार्यकारी अध्यक्ष को नियुक्त किया जा सकता है। इसके लिए सुनील बंसल व विनोद तावड़े के नाम चर्चा में बताए जाते हैं।

नड्डा गुजरात से राज्यसभा के सांसद हैं। ऐसे में उन्हें सदन के नेता की अहम भूमिका मिलने की संभावना है। अभी तक पीयूष गोयल राज्यसभा में नेता सदन थे। गोयल इस बार लोकसभा में पहुंच गए हैं। वहीं पार्टी अध्यक्ष के रूप में नड्डा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। सूत्रों के अनुसार पार्टी में उनके विकल्प के लिए तलाश शुरू हो गई है, लेकिन चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी नए अध्यक्ष का विकल्प फिलहाल टाल सकती है। वैसे, उनका कार्यकाल गत वर्ष दिसंबर में ही समाप्त हो गया था, लेकिन पार्टी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उनका कार्यकाल 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। इस साल महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड और जम्मू-कश्मीर में चुनाव होने है। जम्मू कश्मीर में सितंबर तक चुनाव होने की उम्मीद है। अन्य राज्यों में अक्टूबर नवंबर में चुनाव हो सकते हैं।

### राज्यसभा में सदन के नेता संभव



### दिसंबर-जनवरी तक हो सकता है नए अध्यक्ष का चुनाव

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि नए अध्यक्ष के चुनाव से पहले संगठनात्मक चुनाव की जरूरत होती है। इसमें 6 महीने का समय लगता है। पार्टी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति तभी की जा सकती है, जब आधे राज्यों में संगठन के चुनाव हो गए हों। माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया में भी कम से कम 6 महीने का समय लग सकता है। ऐसे में नए अध्यक्ष का चुनाव दिसंबर-जनवरी में हो सकता है।

### कार्यकारी अध्यक्ष बाद में हो सकता है पूर्णकालिक अध्यक्ष

सूत्रों का कहना है कि जिसे कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलेगी, भविष्य में उसे पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया जा सकता है। चूंकि पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल का होता है। इसलिए नया अध्यक्ष अक्टूबर-नवंबर 2025 के बिहार, 2026 के पश्चिम बंगाल और 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव के लिए अपनी नई टीम पर्याप्त समय रहते बना सकता है। वहीं, 2028 में जब नए अध्यक्ष को चुनने का समय आएगा तो 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए उसे लगभग डेढ़ साल तक का समय तैयारियों के लिए मिलेगा।

### अभी स्वास्थ्य के साथ केमिकल और उर्वरक मंत्रालय का भी है प्रभार

पीएम नरेंद्र मोदी ने हाल ही में नड्डा को अपनी कैबिनेट में भी जगह दी है। उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय के अलावा केमिकल और उर्वरक मंत्रालय भी दिया गया है। नड्डा ने नरेंद्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में भी स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली थी। बाद में उन्होंने 2020 में अमित शाह के हाथों से अध्यक्ष पद की कमान ली थी। इके बाद वह भाजपा युवा मोर्चा से भी जुड़े रहे और फिर पार्टी में आगे बढ़ते रहे। उन्हें पहली बार 2012 में हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा भेजा गया था। तब से ही वह उच्च सदन के मेंबर हैं। इसके अलावा 2014 में उन्हें भाजपा संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाया गया था। इससे पहले वह हिमाचल में तीन बार विधायक रहे हैं।

### दिल्ली शराब घोटाला मामला

# केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक, नहीं हो सकी रिहाई

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी। न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। इससे पहले न्यायाधीश जैन ने दोनों पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद कहा कि इस मामले में अगले दो-तीन दिनों में विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा। मैं आदेश को दो से तीन दिनों के लिए सुरक्षित रख रहा हूं। इस दौरान निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक रहेगी।

इससे पहले उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन और न्यायाधीश रविंदर डुडेजा की अवकाशकालीन पीठ ने तत्काल सुनवाई के ईडी के अनुरोध पर कहा था, जब तक हम इस पर सुनवाई नहीं कर लेते तब तक यह आदेश (जमानत पर जेल से रिहाई का) प्रभावी नहीं होगा। राऊज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई की अवकाशकालीन न्यायाधीश नियाय बिंदू ने केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी थी। गुरुवार देर शाम आए इस आदेश के खिलाफ ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई। पीठ के समक्ष ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने केजरीवाल की रिहाई पर रोक लगाने और याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए दावा किया कि ईडी को निचली अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल की इन दलीलें सुनने के बाद अवकाशकालीन पीठ ने केजरीवाल के जेल से रिहाई के आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सुनवाई होने तक तत्काल रोक लगा दी थी। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### पेयजल संकट, हरियाणा पर पूरा पानी नहीं देने का आरोप

# आतिशी ने शुरू किया 'पानी सत्याग्रह'

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरुआत की।



आतिशी ने सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और फिर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। इस दौरान उनके साथ केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज समेत कई विधायक तथा पार्षद मौजूद रहे। इस दौरान जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो सप्ताह से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है। दिल्ली की जल मंत्री होने के नाते उन्होंने पानी लेने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने नहीं दिया। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखा लेकिन राहत मिलने के बजाय पिछले दो दिनों से हरियाणा सरकार ने दिल्ली के हक का 120 एमजीडी पानी रोक लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के सारे उच्चाधिकारी हरियाणा के अधिकारियों से मिलने, पानी मांगने के लिए चंडीगढ़ गए, लेकिन फिर भी हरियाणा सरकार नहीं मानी। हर संभव कोशिश कर ली, लेकिन अब कोई रास्ता नहीं निकल रहा तो सत्याग्रह के अलावा और कोई उपाय नहीं बचा है।

### प्रोटेम स्पीकर को लेकर कांग्रेस-भाजपा में जुबानी जंग

# कांग्रेस ने किए सवाल, नियुक्ति नियमानुसार: भाजपा

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने पर सवाल उठाए हैं। वहीं, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना संसदीय परंपरा के खिलाफ है।



उन्होंने कहा कि परंपरपा के अनुसार सबसे वरिष्ठ सांसद को ही प्रोटेम स्पीकर के पद पर नियुक्त किया जाता है। परम्परा के अनुसार इस पद पर के. सुरेश का पूरा हक बनता है। सरकार पहले ही दिन से पंगा लेने में लगी हुई है। रमेश ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी के के. सुरेश और भाजपा के वीरेंद्र कुमार दोनों ही 18वीं लोकसभा में अपना आठवां कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। साल 2019 में वीरेंद्र कुमार और 2014 में कमलनाथ प्रोटेम स्पीकर बने थे।

वीरेंद्र कुमार अब मंत्री बन चुके हैं। इसलिए उम्मीद थी कि सुरेश को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने भी इसे लोकतांत्रिक और संसदीय मानदंडों को नष्ट करने का प्रयास बताया। उन्होंने पूछा, सरकार को बताना चाहिए कि उसने के सुरेश को नजरअंदाज़ क्यों किया। वह कौन सा कारण था, जिसने उन्हें अयोग्य ठहराया?

### कांग्रेस राजनीति न करे: रिजिजू



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। जो भी कदम उठाए गए, वे नियमों के तहत उठाए गए हैं। कांग्रेस को राजनीति नहीं करनी चाहिए। रिजिजू ने कहा कि परंपरा के अनुसार सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले सांसद को प्रोटेम स्पीकर के रूप में नियुक्त किया जाता है और इस वजह से पसंद भर्तृहरि महताब बने हैं। महताब सातवीं बार लोकसभा सदस्य बने हैं। रिजिजू ने भी सुरेश को आठ बार के सांसद के रूप में स्वीकार किया, लेकिन 1998 और 2004 में ब्रेक की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, वह लगातार नहीं जीते।

### लोकसभा चुनावों में हार: तृणमूल कांग्रेस व वाम दलों के साथ गठबंधन को लेकर मतभेद आए सामने

# अधीर रंजन चौधरी का बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

एजेंसी | कोलकाता

अपनी ही पार्टी में अलग-थलग चल रहे पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने आखिरकार बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह घोषणा शुक्रवार दोपहर कांग्रेस कमेटी की राज्य इकाई की बैठक के बाद की। यह बैठक लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारणों की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। बता दें कि बंगाल में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी खराब रहा था। हालांकि, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया है या नहीं। अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए चौधरी ने दावा किया कि वह सिर्फ कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष थे।



### तब से कोई प्रदेश अध्यक्ष नहीं



चौधरी ने कहा, जब से मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं, तब से कोई प्रदेश अध्यक्ष नहीं है। चौधरी ने कहा कि जब पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति होगी तो आप सभी को पता चल जाएगा। मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार पार्टी के लोकसभा सांसद रहे चौधरी इस बार तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी रहे यूसुफ पठान से हार गए थे।

### TMC के साथ रिश्तों को लेकर थे मतभेद

बता दें कि तृणमूल कांग्रेस के साथ कांग्रेस के रिश्तों के मुद्दे पर अधीर रंजन चौधरी के पार्टी आलाकमान के साथ मतभेद काफी समय से सामने आ रहे थे। दरअसल, खरगे के साथ उनके मतभेद लोकसभा चुनावों के दौरान सामने आए थे। वहीं, चौधरी माकपा नीत वाम मोर्चे के साथ चुनावी समझौते पर अपने विचार मुखर रूप से रखते रहे हैं।

### केंद्रीय पर्यवेक्षक मीर से जताई चिंता


पार्टी की समीक्षा बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक गुलाम अहमद मीर से राज्य के नेताओं ने अपनी चिंताएं जाहिर की। उन्होंने कहा कि माकपा के साथ गठजोड़ में दक्षिण बंगाल का ध्यान नहीं रखा गया। जिलाध्यक्षों की बात को भी नहीं सुना गया। इन नेताओं का कहना था कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं में माकपा के साथ गठजोड़ को लेकर नाराजगी है। इस मौके पर अधीर रंजन चौधरी भी मौजूद थे। गठबंधन को लेकर आलोचना किए जाने पर अधीर रंजन ने सफाई भी दी। उन्होंने कहा कि अकेले ही किसी व्यक्ति पर आरोप नहीं लगाया जा सकता। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के विरोध पर उन्होंने कहा कि टीएमसी ने जिस तरह से कांग्रेस पर अटैक किया था। उसको देखते हुए मेरे लिए जरूरी था कि जवाब दूं।

### वाम दलों से गठजोड़ में नहीं लिया गया भरोसे में

बैठक में एक सवाल यह भी उठा कि वामपंथी दलों के साथ गठजोड़ करने का फैसला ऊपर से थोपा गया। इसके लिए जमीनी स्तर के नेताओं और राज्य के बड़े नेताओं को भी भरोसे में नहीं लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्षों ने गठबंधन को लेकर चिंता जताई और कहा कि इसके लिए राय नहीं ली गई। बता दें कि अधीर रंजन चौधरी खुद माकपा के साथ गठबंधन के पक्ष में रहे हैं। कहा जाता है कि वह उत्तर बंगाल और खुद अपने जिले में कांग्रेस की स्थिति मजबूत रखने के लिए माकपा का सहारा लेते हैं।

## जरूरी खबर

### भारत यात्रा पर पहुंची बांग्लादेश की पीएम हसीना



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम यहां पहुंचीं। हसीना की यह एक माह में नई दिल्ली की दूसरी यात्रा है। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगी और दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। वह शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इंदिरागांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया।

### अटल सेतु में दरारें आने का दावा, सरकार को घेरा

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने वाले अटल सेतु समुद्री पुल के निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सरकार ने महाराष्ट्र सरकार को घेरा है। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को कहा कि उद्घाटन के कुछ महीनों के अंदर ही इसमें दरारें आ गईं, जिससे लोगों की जान को खतरा पैदा हो गया है। पटोले ने दिन में पुल का निरीक्षण किया और दावा किया कि पुल के निर्माण की गुणवत्ता खराब है और सड़क का एक हिस्सा एक फुट तक धंस गया है।

### ज्ञानेन्द्र रावत जे पी सेनानी सम्मान से होंगे सम्मानित



**नई दिल्ली।** आगामी 25 जून को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में जे पी आंदोलन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण क्रांति आंदोलन महोत्सव में वरिष्ठ पत्रकार,लेखक एवं पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत को जे पी सेनानी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा प्रमुख आंदोलन कर्मी रघुपति, कुमार अनुपम, पूर्व मंत्री बिहार श्याम रजक, प्रसिद्ध समाजवादी श्याम गंभीर एवं महात्मा गांधी स्मारक ट्रस्ट बाराबंकी के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा भी जे पी सेनानी सम्मान से सम्मानित होंगे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: योगमय हुआ भारत







राजनाथ सिंह @ मथुरा





@ अहमदाबाद

### पीएम मोदी ने किया डल झील के किनारे योग

**नई दिल्ली।** देश में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में योग किया। पहले यह कार्यक्रम डल झील के किनारे प्रात: 6:30 बजे होना था, लेकिन बारिश की वजह से इसे हॉल में शिफ्ट कर दिया गया। यह सुबह करीब 8 बजे शुरू हो पाया। हॉल में करीब 50 लोग और हॉल के बाहर करीब 7 हजार लोगों ने PM मोदी के साथ-साथ योग के मुश्किल आसन किए। इसके अलावा आईएनएस विक्रमादित्य पर नौसेनिकों ने सुबह करीब 7 बजे योग किया। लद्दाख में चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब पैंगॉन्ग झील के किनारे आईटीबीपी के जवानों ने अलग-अलग आसन कर योग दिवस मनाया।

### विश्व को जोड़ने की सबसे बड़ी शक्ति बन गया योग: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया भर में योग दिवस के बड़े पैमाने पर मनाए जाने से यह साबित हो गया है कि यह विश्व को जोड़ने की सबसे बड़ी शक्ति बन गया है। मोदी ने 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और योग प्रशिक्षकों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों के सामूहिक प्रयासों की बदौलत 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दुनिया भर में बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया है, जिसमें सभी ने एक साथ आकर योग का अभ्यास किया। यह स्पष्ट है कि योग एक एकीकृत शक्ति बन गया है, जो विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमियों के लोगों को एक साथ ला रहा है।

### संगठित अपराध पर 10 साल तक सजा, 1 करोड़ जुर्माना

# एंटी पेपर लीक कानून लागू 5 साल तक की सजा संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में एंटी पेपर लीक कानून शुक्रवार से लागू हो गया है। कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है।

एंटी पेपर लीक कानून के लागू होने के बाद सार्वजनिक परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने पर तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसमें नकल पर रोकथाम के लिए न्यूनतम तीन साल से पांच साल तक के कारावास और इस तरह के संगठित अपराध में शामिल लोगों को पांच से 10 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है। प्रस्तावित कानून में न्यूनतम एक करोड़ रुपए के जुर्माने का प्रावधान है।



#### यह कहा गया है कानून में

लोक परीक्षा कानून 2024 में कहा गया है, प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना, सार्वजनिक परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवार की सहायता करना और कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करना किसी व्यक्ति, लोगों के समूह या संस्थानों द्वारा किए गए अपराध हैं।

#### सभी परीक्षाएं कानून के दायरे में

कानून लागू होने के बाद यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं इसके दायरे में होंगी।

#### नीट परीक्षा को लेकर देशभर में जारी है विवाद

बता दें कि मेडिकल में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा नीट परीक्षा पर इन दिनों जमकर विवाद हो रहा है। दरअसल 5 मई को हुए नीट के एग्जाम में एक यो दो नहीं पूरे 67 बच्चों ने टॉप किया, जो अपने आप में चौंकाने वाली बात है। वहीं कथित तौर पर पेपर लीक का भी खुलासा हुआ है। सरकार परीक्षाओं में गड़बड़ी को रोकने के लिए यह कानून लेकर आई है।

### सरकार आपकी रक्षा नहीं करेगी तो विपक्ष करेगा: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर नीट परीक्षा में कथित



गड़बड़ियों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को निजी तौर पर संसद में उठाएंगे। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए एक वीडियो संदेश में राहुल ने कहा कि अगर सरकार छात्रों की रक्षा नहीं करेगी तो विपक्ष यह काम करेगा। राहुल गांधी ने यूट्यूब पर साझा वीडियो में कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए विपक्ष सरकार पर दबाव बनाना जारी रखेगा। वीडियो में राहुल की नीट अभ्यर्थियों और उनके माता-पिता से मुलाकात को भी दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अपराध की वजह से बच्चों का अमूल्य समय बर्बाद हुआ है और परीक्षा की तैयारी में खर्च लाखों रुपये का भी नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं इससे देश के युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ा है।

### गलती की है तो मेरे PS को कर लो गिरफ्तार: तेजस्वी यादव



पटना। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर नीट पेपर लीक मामले में मेरे पीएस की कोई गलती है तो सरकार उसे गिरफ्तार कर लें, मुझे कई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा जहां भी भाजपा शासित राज्य है चाहे बिहार हो, गुजरात हो या हरियाणा हो इन तीनों जगह पेपर लीक हुआ है। मैं मुख्यमंत्री से कहता हूं कि मेरे सहायक को बुला लें और पूछताछ कर लें। लेकिन उपमुख्यमंत्री जो सवाल उठा रहे हैं, ईओयू ने तो इस बात को लेकर आज तक नहीं कहा है। इन लोगों को ज्ञान नहीं है। हम मई से आवाज़ उठा रहे हैं कि कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पहले गुरुवार को उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा था कि पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी सिकंदर यादवेंदु का संबंध तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम कुमार से है।

### केंद्र सरकार को मिला प्रस्ताव

# बजट में हो सकती है आठवें वेतन आयोग की घोषणा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार को 2024 के पूर्ण बजट से पहले आठवें वेतन आयोग बनाने का प्रस्ताव मिला है। बजट जुलाई के अंत में पेश किया जाएगा। ऐसे में उम्मीद है कि सरकार बजट में 8वें वेतन आयोग के प्रस्ताव पर बात कर सकती है।

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए संयुक्त सलाहकार मशीनरी के सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने कैबिनेट सचिव को एक पत्र लिखा है, जिसमें सरकार से 8वें वेतन आयोग के गठन को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया है। हर 10 साल में केंद्रीय वेतन आयोग का गठन किया जाता है।

यह केंद्र सरकार के कर्मचारियों की मौजूदा सैलरी स्ट्रक्चर, भत्ते और लाभों को चेक करता है। इसके साथ ही महंगाई जैसे कारकों के आधार पर आवश्यक बदलावों का सुझाव देता है। ज्ञात रहे कि 7 वां वेतन आयोग पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह 28 फरवरी 2014 को लेकर आए थे। इसकी सिफारिशें 1 जनवरी 2016 से लागू हुईं। मोदी सरकार के कार्यकाल में ये पहली बार होगा जब नए वेतन आयोग का गठन होगा। सामान्य दस साल के अंतराल के अनुसार 8वां केंद्रीय वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से शुरू होने का प्रस्ताव है। हालांकि, सरकार ने अभी तक इसकी औपचारिक गठन की घोषणा नहीं की है।

#### तीसरी बार वापसी से बंधी उम्मीदें



लोकसभा चुनाव 2024 के खत्म होने और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की लगातार तीसरी बार वापसी के साथ 1 करोड़ से अधिक केंद्र सरकार के कर्मचारी 8वें केंद्रीय वेतन आयोग पर अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि जहां मुद्रास्फीति पहले 4% से 7% के आसपास थी, वहीं कोविड के बाद यह बढ़कर औसतन 5.5% हो गई है। मिश्रा ने कहा कि कोविड के बाद की मुद्रास्फीति पूर्व-कोविड स्तरों से अधिक है। यदि हम 2016 से 2023 तक दैनिक जीवन के लिए आवश्यक आवश्यक वस्तुओं और वस्तुओं की रिटेल कीमतों की तुलना करें तो स्थानीय बाजार के अनुसार उनमें 80% से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। 1/7/2023 तक केवल लगभग 46% महंगाई भत्ता दिया गया। ये अभी 50 फीसदी पर है। मिश्रा ने कहा है कि जहां सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए 1 जनवरी 2024 से 50% तक पहुंच गया।

### पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हिंसा, हाई कोर्ट का निर्देश

# विस्थापितों की वापसी सुनिश्चित करें

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि राज्य में चुनाव के बाद हुई कथित हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों की घर वापसी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया है कि वह उन क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखे, जहां कथित तौर पर हिंसा हुई है। पुलिस को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। न्यायाधीश हरीश टंडन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने लोकसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में हिंसा के आरोपों से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार और पुलिस को ये निर्देश दिए। अदालत ने निर्देश दिया कि याचिकाओं पर बुधवार को फिर से सुनवाई की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती को जारी रखने के संबंध में लिखित आदेश भी जारी किया जा सकता है। इससे पहले अदालत ने राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती 21 जून तक बनाए रखने का आदेश दिया था।

### केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट में दावा

# देश के जलाशयों में बचा है केवल 21 प्रतिशत पानी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में मानसून की प्रतीक्षा के बीच केंद्रीय जल आयोग की हालिया रिपोर्ट में सभी की चिंता बढ़ाने वाली आई है। इसके अनुसार देश के 150 मुख्य जलाशयों में पानी घटकर महज 21 प्रतिशत रह गया है।

जलविद्युत परियोजनाओं और जल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जाने वाले इन जलाशयों की संयुक्त भंडारण क्षमता 178.784 अरब क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है, जो देश की कुल जल भंडारण क्षमता का लगभग 69.35 प्रतिशत है। इन जलाशयों में गुरुवार तक, उपलब्ध जल भंडारण 37.662 बीसीएम था, जो उनकी कुल क्षमता का 21 प्रतिशत है। कुल मिलाकर, 150



जलाशयों में उपलब्ध लाइव स्टोरेज 257.812 बीसीएम की अनुमानित कुल क्षमता के मुकाबले 54.310 बीसीएम है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के आंकड़ों से कम है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट में बताया गया है कि जलाशयों में मौजूदा भंडारण बीते दस वर्षों के औसत भंडारण से भी कम है। दो सप्ताह में पहले जलाशयों में कुल भंडारण करीब 22 प्रतिशत था, जबकि उससे एक सप्ताह पहले यह 23 प्रतिशत था।

#### राजस्थान सहित तीन राज्यों के जलाशयों में 5.488 बीसीएम जल

उत्तर भारत की बात करें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान में मौजूद कुल 10 जलाशयों में कुल मिलाकर 19.663 बीसीएम जल भंडारण क्षमता है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार इन जलाशयों में मौजूदा जल भंडारण 5.488 बीसीएम रह गया है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 39 प्रतिशत कम है। इसी तरह उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में मौजूद कुल 26 जलाशयों की कुल जल भंडारण क्षमता 48.227 बीसीएम है। मौजूदा स्थिति की बात करें तो इन 26 जलाशयों में 12.185 बीसीएम जल भंडारण है। यह भंडारण पिछले वर्ष 32 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 25 प्रतिशत पर आ गया है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश के सभी जलाशयों की जल भंडारण क्षमता में पिछले वर्ष के मुकाबले कमी देखने को मिली है। आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी की वजह से दिल्ली समेत देश के कई क्षेत्रों में जल संकट देखने को मिल रहा है। दक्षिण भारत के राज्यों पर इसका गहरा असर पड़ा है।

# कतर से 12 मिराज-2000 विमानों की खरीद संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत, कतर से 12 सेकेंड हैंड मिराज-2000-5 फाइटर जेट खरीदने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।

भारत और कतर के अधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को यहां इस प्रस्ताव पर विचार किया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि कतर की टीम ने 12 मिराज-2000 विमानों की वर्तमान स्थिति पर एक प्रस्तुति दी। इस दौरान बताया गया कि सभी विमान अच्छी स्थिति में है और उनमें अभी भी बहुत समय बचा है।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारत मिराज-2000 विमानों के बेड़े को ध्यान में रखते हुए कतर के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।



भारतीय और कतर दोनों विमानों के इंजन एक जैसे हैं और अगर भारत उन्हें लेने का फैसला करता है तो सेवा के लिए उन्हें बनाए रखना आसान होगा। कतर पक्ष 12 लड़ाकू विमानों के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपए की पेशकश कर रहा है, लेकिन भारतीय पक्ष उचित मूल्य पर लड़ाकू विमानों को खरीदने का इच्छुक है।

## विभिन्न ऑर्गेनाइजेशंस, क्लब और हर आयु वर्ग के लोगों ने मनाया योग दिवस

# पार्क से घर-बालकनी तक बस योग ही योग

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स ने योग दिवस को अपने-अपने अंदाज में सेलिब्रेट करते हुए योग क्रियाओं से स्वस्थ रहने के मैसेज दिए। इस दौरान जयपुर में हर उम्र के लोगों ने इस दिन को एक उत्सव की तरह मनाया। कहीं पार्क में तो कहीं घरों की छतों, होटल्स और बालकनी तक में लोग योग करते दिखाई दिए। भारतीय सशस्त्र बलों की पूर्व सवाई मान गाड़्र्स राजपुताना राइफल्स की 17वीं बटालियन की 500 सदस्यीय टुकड़ी ने जयगढ़ फोर्ट के मनोरम चारबाग उद्यान के बीच योग अभ्यास कर इस दिन को मनाया।



### मेजबानी करना सम्मान की बात

जयगढ़ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की सहायक निदेशक डॉ. चांदनी चौधरी ने कहा योग दिवस पर फोर्ट में योग अभ्यास के लिए बटालियन की मेजबानी करना सम्मान की बात है। बटालियन का गठन जयपुर स्टेट फोर्स से किया गया था और वर्षों से यह संबंध परस्पर सम्मान और प्रशंसा के भाव पर आधारित है। उन्होंने बटालियन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल देव चंदन दास को विशेष धन्यवाद दिया।




### फिक्की लेडीज ने किया सेलिब्रेट

फिक्की फ्लो जयपुर ने चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार के नेतृत्व में जय महल पैलेस में योग दिवस को उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मयूर स्कूल के बच्चों द्वारा मीठे और भक्ति पूर्ण प्रार्थना गीत से हुई। प्रार्थना के बाद प्रतिभागियों ने मांजीरों और सॉफ्ट संगीत की धुनों के साथ आत्मा को शांति देने वाली सुबह की सैर में भाग लिया। मुख्य आकर्षण योग विशेषज्ञ श्वेता सहारन सिंह द्वारा संचालित योग सत्र था। उन्होंने पारंपरिक सूर्य नमस्कार से शुरुआत की। एक और महत्वपूर्ण सत्र जय महल पैलेस के शेफ पंकज द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें स्वस्थ भोजन की विधियों का लाइव प्रदर्शन किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को पोषक और स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के तरीकों के बारे में बताया और स्वस्थ भोजन के लाभों के बारे में जानकारी दी। समापन नाश्ते के साथ हुआ, जिसमें स्वस्थ भोजन और पेय की विविधता शामिल थी। चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार ने प्रतिभागियों और योगदानकर्ताओं को आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

### पहलवानों ने किया योग

यूं तो पहलवान स्वयं रोज एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन योग दिवस पर उन्होंने विशेष योग आसन किए। चौगान स्टेडियम के पीछे श्रीबलवंत व्यायामशाला के संचालक भगत सिंह राठौड़ ने बताया, कि राष्ट्रपति की ओर से पुरुस्कृत मनीष बैरवा के नेतृत्व में पहलवानों को विभिन्न योग आसान अनुलोम-विलोम और कपाल योग आदि कराए। वहीं सुमेर सिंह राठौड़ ने योग के जीवन में महत्व को समझाया।

### CRPF जवानों को कराया मनोयोग

जयपुर में तैनात ए/221 की वाहिनी (वीएस) केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स द्वारा विधाधर नगर स्थित केम्प में योग शिविर आयोजित किया गया। ब्रह्मकुमारीज से आई गुरु दीप्ति दीदी, तरुण कुमार जालान व सत्यनारायण सोमानी द्वारा जवानों व उनके परिवारों को योग तथा मनोयोग का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर ए/221 वाहिनी (वीएस) केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स के समवाय अधिकारी बाबूलाल यादव व अधिनस्थ अधिकारी अन्य जवान और उनके परिवार शामिल रहे।





### महिलाओं को दी योग की जानकारी

बरकत नगर स्थित शिव मंदिर में सी दी डिफरेंस योगा सेंटर की ओर से योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं को योग की जानकारी दी गई और उनको अभ्यास कराया गया।



### एक्रो योग सत्र में लेडीज हुईं शामिल

एफबीएस जयपुर के सदस्यों ने एक्रो योग सत्र के साथ उत्सव मनाया। कार्यक्रम में जयपुर की महिला उद्यमियों ने भाग लिया, जो योग और एक्रोबेटिक्स के अनोखे मिश्रण का अनुभव करने के लिए उत्सुक थीं। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया एक्रो योग पारंपरिक योग आसनों को एक्रोबेटिक तत्वों के साथ मिलाता है, जो विश्वास, संतुलन और टीमवर्क पर जोर देता है।

### स्वस्थ मन, सहज जीवन



संत निरंकारी मिशन जोन 20 बी द्वारा जयपुर की सभी 28 शाखाओं ने अपने सत्संग भवनों और सत्संग स्थलों में प्रातः 6.00 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में योग करवाया गया। जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने बताया कि योग दिवस को निरंकारी मिशन ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीया जा सकता है। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी ने भी अपने विचारों में 'स्वस्थ मन, सहज जीवन' अपनाने का दिव्य मार्गदर्शन देते हुए यही समझाया है कि हमें अपने शरीर को निरंकार प्रभु की अमोलक देन समझते हुए उसे स्वस्थ एवं सेहतमंद बनाए रखना है। जोन 20 बी जयपुर के करीब 28 ब्रांचो उदयपुरिया, विद्याधर नगर, हाथोज, ठिकरिया, मच्छ की पीपली, जयसिंहपुरा खोर, नारायण विहार, मानसरोवर, प्रताप नगर, तूंगा, देवगांव, दूदू, सांभर, रेनवाल, सांगानेर, कानोता, बांदीकुई आदि ब्रांचों के सैकड़ों योगियों ने योग करके लाभ प्राप्त किया।

## City इवेंट्स

### वृक्ष आरती से पेड़ बचाने का संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** मुरलीपुरा भौमियां जी सेवा समिति की ओर से योग दिवस पर योग और प्राणायाम के अभ्यास के बाद वृक्ष आरती से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाहपुरा महारानी रत्ना एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रांत प्रमुख अशोक कुमार शर्मा थे। समिति अध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जयपुर प्रांत प्रचार आयाम से आयुष कुमार शर्मा (अधिवक्ता), शाहपुरा महारानी रत्ना और अशोक कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योग और प्राणायाम के अभ्यास के पाश्चात वृक्ष आरती से कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

### कोक स्टूडियो में राजस्थान की आवाज



**बेधड़क. जयपुर।** कावा ब्रास बैंड के डायरेक्टर और साथी कलाकारों ने कोक स्टूडियो (भारत) के साथ राजस्थानी संस्कृति से लबरेज गाना रिकॉर्ड किया, जो 25 जून को रिलीज होगा। 'ले ता जइजो रे दिलड़ा दे ता जइजो रे...' राजस्थानी गीत को म्यूजिक कंपोजर शाश्वत सचदेव ने संगीत में पिरोया है। वहीं, बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर सुनिधि चौहान और जयपुर कावा ब्रास बैंड के लंगा मांगणियार कलाकारों ने स्वरों से सजाया है।

### संजय और श्रीवंत ने सजाई शाम




**बेधड़क. जयपुर।** विश्व संगीत दिवस पर जवाहर कला केन्द्र में गीतों की शाम सजी। जूनियर समर कैम्प में संगीत विधा के चयनित प्रतिभागियों ने मंच पर हुनर दिखाया तो गायक संजय सिंह और श्रीवंत सिंह ने गीत गाकर समां बांध दिया। बच्चों ने वायलिन, तबला, गिटार, पियानो की संगत के साथ राग अहीर भैरव में 'अलबेला सजन आयो रे' गाकर सुनाया।

## जयपुर चैप्टर ने किया योग सत्र का आयोजन

# योगिक आसन से माइंड, बॉडी और सॉल में सामंजस्य बैठाना सिखाया



**बेधड़क | जयपुर**

इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर ने 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर योग एवं फिटनेस गुरु डॉ. विनित शर्मा एवं कुमारी रश्मि शर्मा की ओर से योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया। योग गुरु द्वारा विभिन्न प्रकार के योग सिखाए गए और योग से तनाव मुक्ति प्रबंधन पर प्रकाश डाला।

यौगिक आसन एवं प्रणायाम द्वारा माइंड, बॉडी, सॉल की क्रियाओं में एकरूपता और सामंजस्य कैसे स्थापित किया जाए बताया गया। मित्रया बी ह्यूमन (इंडिया) फाउंडेशन द्वारा किए गए इस आयोजन में जयपुर चैप्टर के चेयरमैन सीएस रजत कुमार गोयल, पूर्व अध्यक्ष सीएस अभिषेक गोस्वामी, क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीएस राहुल शर्मा, वरिष्ठ सदस्य सीएस अनिल अग्रवाल, अधिवक्ता अशोक शर्मा और संजय गुप्ता उपस्थित रहे। अंत में जयपुर चैप्टर के कार्यकारी अधिकारी मक्खन लाल रैगर ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। अंत में प्रतिभागियों को हल्का जलपान कराया गया।

## गुर प्रीत सिंह 'रिंकू वीरजी' करेंगे प्रवचन

# जयपुर में सजेगा अलौकिक कीर्तन दरबार, भारी संगत करेगी शिरकत



**बेधड़क | जयपुर**

श्री अकाल तख्त साहिब की सरपरस्ती में गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक सत्संग सभा नेहरु नगर पानीपेच व जयपुर शहर के समूह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के सहयोग से रविवार को सूरज मैदान में अलौकिक कीर्तन दरबार सजेगा। इस मौके पर मुंबई के गुरप्रीत सिंह 'रिंकू वीरजी' प्रवचनों से संगत को निहाल करेंगे और 50 हजार से अधिक संगत कार्यक्रम में शिरकत करेगी। हरविंदर सिंह (रूबी वीर), हरचरन सिंह जेठरा और गुरमीत सिंह ने बताया कि शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर से ज्ञानी रघुवीर सिंह जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब, ज्ञानी हरप्रीत सिंह खालसा जत्थेदार तख्त दमदमा साहिब, ज्ञानी हरजिंदर सिंह धामी अध्यक्ष शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व राजिन्द्र सिंह मेहता महासचिव शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और एसजीपीसी द्वारा मनोनीत धर्म प्रचार कमेटी राजस्थान चेयरमैन तेजिंदर पाल सिंह टिम्मा शिरकत करेंगे। पानीपेच गुरुद्वारे साहिब के घनेंद्र सिंह, बलबीर सिंह कोचर, धर्मेन्द्र सिंह, गंभीर सिंह, योगेन्द्र सिंह ने बताया कि अरदास उपरांत गुरु ग्रन्थ साहिबजी का प्रकाश किया जाएगा।

**प्रशिक्षण शिविर** समापन समारोह में प्रशिक्षणार्थियों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

# सिटी पैलेस में सीखी पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन

**बेधड़क | जयपुर**

सिटी पैलेस में एक महीने तक चले सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह में प्रतिभागियों ने शिविर के दौरान सीखी विभिन्न पारम्परिक कलाओं ध्रुवपद, जयपुर घराने का कथक, राजस्थानी लोक नृत्य, बांसुरी की सुंदर प्रस्तुति देकर मन मोहा। वहीं समारोह में प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई प्राचीन आराईश (फ्रेस्को) और पारंपरिक पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई गई। शिविर में प्रतिभागियों को इस वर्ष पहली बार वैदिक ज्योतिष से परिचय कराया गया।





### श्लोक और वैदिक मंत्रोच्चारण किया

कार्यक्रम में डॉ. मधु भट्ट तैलंग के मार्गदर्शन में ध्रुवपद की प्रस्तुति हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने श्लोक और वेदिक मंत्रोच्चारण किया। आरडी गौड़ के मार्गदर्शन में बांसुरी वादन की प्रस्तुति हुई। समापन डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी द्वारा निर्देशित जयपुर घराना के 'कथक' और घूमर नृत्य प्रदर्शन से हुआ।

### सीखी कला का करते रहेंगे अभ्यास

समारोह में एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त और म्यूजियम व ट्रस्ट निदेशक वैभव चौहान उपस्थित रहे। रमा दत्त ने कहा, कि बच्चों के खिलखिलाते चेहरे देखकर प्रसन्नता हो रही है। हमारा देश विभिन्न कलाओं से समृद्ध है। मुझे आशा है आज जो कलाएं शिविर में बच्चों ने सीखी हैं वे इसका अभ्यास आगे करते रहेंगे।

### पारंपरिक चित्रकला का भी दिया प्रशिक्षण

रामू रामदेव और बाबूलाल मारोटिया ने बच्चों को 'पारंपरिक चित्रकला' का प्रशिक्षण दिया। डॉ. नाथूलाल वर्मा ने 'आराईश (फ्रेस्को)' की बारीकियां सिखाई। ब्रजमोहन खत्री ने वैदिक ज्योतिष और लक्ष्मी नारायण कुमावत ने 'मांडना' कार्यशाला का संचालन किया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दुनिया हुई योगमय



## टाइम्स स्क्वायर पर हजारों ने किया योग

एजेंसी | न्यूयॉर्क

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारत ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व योगमय हो गया। 180 से अधिक देशों में योगाभ्यास से पूरी दुनिया योगमय हो गई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर हजारों की संख्या में योग प्रेमी दिनभर चलने वाले योग सत्र के लिए यहां प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर पर इकट्ठा हुए। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर विशेष योग सत्र आयोजित किए। हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। न्यूयॉर्क क्षेत्र में गर्मी को लेकर चेतावनी जारी किए जाने के बाद भी अलग-अलग उम्र और विभिन्न देशों के लोग सुबह-सुबह यहां न्यूयॉर्क शहर के लोकप्रिय स्थल पहुंचे और योगासन किए। न्यूयॉर्क में दिन का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। करीब दो दशक से ज्यादा समय तक स्वंयसेवक और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। इसमें विभिन्न देशों के लगभग 10,000 लोगों ने भाग लिया।





### थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग'

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनया प्रधान ने प्रतिभागियों का अभिवादन किया और शारीरिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण दोनों के लिए योग के लाभों पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर बिनया प्रधान ने कहा कि इस वर्ष 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस साल की थीम थी 'स्वयं और समाज के लिए योग'।



### जापान: बारिश भी नहीं तोड़ पाई योग करने वालों का हौसला

टोक्यो। आज पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार लोगों की योग करते हुए फोटोज सामने आ रही है। वहीं जापान में भारतीय दूतावास ने यहां त्सुकिजी होंगवानजी मंदिर में योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राजनयिकों और भारतीय प्रवासियों सहित देश भर से लोगों की भागीदारी देखी गई। जापान के टोक्यो में भारी बारिश के बीच शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस को लेकर भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर किया। पोस्ट में लिखा गया, 'जापान में बारिश या धूप का योग।' उन्होंने आगे लिखा, '@ IndianEmbTokyo की तरफ से 10वें अंतरराष्ट्रीय दिवस का जश्न, त्सुकिजी होंगवानजी मंदिर में जापानी नेतृत्व, राजनयिकों, योग के प्रति उत्साह और जापान में भारत के दोस्तों की जबरदस्त भागीदारी देखी गई।



### ब्राजील: सशस्त्र हमले में सात लोगों की मौत

**रियो डी जेनेरो।** ब्राजील में पूर्वोत्तर सिएरा राज्य के एक शहर के चौराहे पर हथियारबंद हमलावरों की ओर से किए गए हमले में सात लोग मारे गए, जबकि दो जने घायल हो गए। सैन्य पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। विकोसा डू सिएरा शहर के चौराहे पर लगे सुरक्षा कैमरों में कैद तस्वीरों में कई वाहन घटनास्थल पर आते हुए दिखाई दे रहे हैं। हथियारबंद संदिग्ध उनमें से उतरते हैं और कई लोगों को अपने सिर पर हाथ रखने के लिए मजबूर करते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उन्होंने कम से कम 50 गोलियों की आवाज सुनी, जिससे घटनास्थल पर सात लोग मारे गए, जिनमें पुरुष और महिलाएं शामिल थे। दो घायलों को नगरपालिका अस्पताल ले जाया गया।

व्यापार और पर्यटन पर दोनों देशों ने दिया जोर

## चीन-ऑस्ट्रेलिया आपस में देंगे मल्टीपल वीजा एंट्री

एजेंसी | बीजिंग

चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि चीन और ऑस्ट्रेलिया एक-दूसरे के नागरिकों को पर्यटन और व्यापार के लिए पांच साल तक के मल्टीपल वीजा एंट्री देंगे, जो दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार का एक और संकेत है।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने चीन-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की स्थिति का पालन करने, चीन-ऑस्ट्रेलिया संबंधों के सुधार और विकास की गति को मजबूत करने और संयुक्त रूप से क्षेत्रीय और विश्व शांति, स्थिरता और समृद्धि की रक्षा करने पर सहमति जताई। चीन ऑस्ट्रेलिया को एकतरफा वीजा-मुक्त देशों के दायरे में शामिल करेगा, और



दोनों पक्ष पर्यटन, व्यापार और पारिवारिक यात्राओं के लिए एक-दूसरे को तीन से पांच साल के लिए मल्टी एंट्री वीजा जारी करने पर सहमत हुए।

वीजा व्यवस्था इस सप्ताह की शुरुआत में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग की ऑस्ट्रेलिया की यात्रा के बाद हुई है। इससे पहले, चीनी नागरिक ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए एक साल तक के वीजा के लिए आवेदन कर सकते थे, या लगातार यात्रा करने वाले 10 साल तक के लिए आवेदन कर सकते थे। बता दें कि पिछले साल से चीन कुछ देशों के आगंतुकों के लिए व्यापार और पारिवारिक यात्राओं के लिए प्रवेश आवश्यकताओं को आसान बना रहा है।

कुरान की बेअदबी पर गुस्साई भीड़

## थाने में लगाई आग, 1 को जिंदा जलाया

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली हिंसा में आठ लोग घायल हो गए। गुस्साई भीड़ ने आरोपी को गोली मारकर उसे जला दिया। इसके बाद शव घसीटकर बाहर लाए और अधजले शव को लटका दिया।

स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाए थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के



बाहर भीड़ जमा हो गई और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी।

बाद में कुछ लोग थाने में घुसे और संदिग्ध को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली मारने के बाद वे संदिग्ध के शव को घसीटकर मदयान अड्डा ले गए और उसे वहां लटका दिया।

### मुख्यमंत्री ने मांगी रिपोर्ट

अधिकारी ने बताया कि घटना के कारण भड़की हिंसा में आठ लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मदयान में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री केपीके अली अमीन गंदापुर ने घटना पर संज्ञान लिया है और प्रांतीय पुलिस प्रमुख से रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आपातकालीन कदम उठाने का निर्देश दिया और लोगों से शांत रहने का आग्रह किया।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl